दैनिक
# नवयतन
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 17 अंक 121 सीकर, सोमवार 29 जून 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# भारत समुद्र से आकाश तक सुरक्षित : पीएम मोदी

## कहा : देश में 40 से ज्यादा सी-295 विमान बनाए जा रहे, योग में भारत ने 114 पदक जीते

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 135वें एपिसोड में कहा, भारत समुद्र से लेकर आसमान तक सुरक्षित है। इसी महीने डीआरडीओ ने स्वदेशी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पीएम मोदी ने कहा- जून के महीने में ही देश ने विमानन क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। मेड इन इंडिया अभियान के तहत तैयार किए गए ष्ट-295 विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी कर ली है। वर्तमान में ऐसे 40 विमान भारत में ही बनाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि इस बार दुनिया के 2500 से अधिक स्थानों पर योग के कई कार्यक्रम हुए। भारत ने अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 114 मेडल जीते हैं। इनमें 102 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। भारत पदक तालिका में पहले स्थान पर रहा है।

### असम: हरगिला आर्मी ने पुरानी सोच बदली

पीएम मोदी ने कहा कि असम में एक पक्षी पाया जाता है। उसका नाम हरगिला है। हरगिला एक दुर्लभ पक्षी है। ये प्रकृति को स्वच्छ रखने में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन असम के कुछ इलाकों में लंबे समय तक इसे अशुभ माना जाता था। लोग इसे अपने आसपास देखना पसंद नहीं करते थे। कई बार उन पेड़ों को भी काट दिया जाता था जिन पर हरगिला के घोसले बने होते थे। इसी दौरान जीव-वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन ने ये सब देखा। उन्होंने लोगों के मन में बैठी गलत धारणा को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने महिलाओं से बात की, लोगों को विज्ञान के आधार पर समझाया। धीरे-धीरे महिलाएं इस अभियान से जुड़ने लगीं। फिर एक बड़ा बदलाव शुरू हुआ। जिस पक्षी को कभी अशुभ मानकर भगाया जाता था, वही गांवों की पहचान बनने लगा। हजारों ग्रामीण महिलाएं हरगिला को बचाने के लिए आगे आईं। आज उन्हें हरगिला आर्मी के नाम से जाना जाता है। इन महिलाओं ने समाज को समझाने के लिए दिन-रात काम किया और अंधविश्वास को पीछे छोड़ करके रहे। उन्होंने दिखाया है कि जब सही जानकारी पहुंचाई जाती है, तो वर्षों पुरानी सोच भी बदल सकती है।

### मन की बात में नॉर्थईस्ट के 3 राज्यों का जिक्र

**शादी के लिए सोना रीसाइकल कर रहे लोग पीएम मोदी ने कहा कि मैंने बीते दिनों लोगों से कुछ समय तक सोना ना खरीदने, विदेश यात्रा टालने या कार पूलिंग की अपील की थी मैं देश के हर नागरिक का आभारी हूं कि मेरी अपील का उन्होंने न सिर्फ समर्थन किया बल्कि उसमें सहयोग कर रहे हैं. कई परिवारों ने तय किया है कि घर के विवाह में सोना नहीं खरीदेंगे. जरूरत हुई तो वे पुराने सोने को ही रिसाइकल करेंगे. कई लोगों ने कार पूलिंग के अनुभव भी साझा किए हैं. मुझे इस बात की खुशी है कि हम भारतीय इस संकट से मिलकर मुकाबला कर रहे हैं.**




### प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में जन सहभागिता की ताकत को बताया भारत की बड़ी पूंजी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा एवं भारतीय वन सेवा परीक्षा-2025 में चयनित राजस्थान के अभ्यर्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास पर इस कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में रक्षा के क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता, वैश्विक परिस्थितियों के बीच संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए कार पूलिंग एवं प्राकृतिक खेती को मिल रहे बढ़ावे, महाराष्ट्र के एक परिवार की विवाह अवसर पर हजारों लोगों के लिए दुर्घटना बीमा कराने की प्रेरक पहल, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को मिले सुरक्षा कवच, असम में 'हरगिला' पक्षी संरक्षण के लिए महिलाओं द्वारा संचालित अभियान, नागालैंड में बच्चों और बेटियों के लिए फुटबॉल एवं फुटसल लीग, नालंदा विश्वविद्यालय में शास्त्रार्थ की परंपरा को पुनर्जीवित करने तथा सेंट्रल संस्कृत विश्वविद्यालय की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा साइंस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की पहल, मेघालय के जीवित रूट ब्रिजों को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयासों और मध्यप्रदेश में महिलाओं द्वारा प्लास्टिक कचरे से ईको-ब्रिक्स बनाकर पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों का उल्लेख किया।

## ट्रम्प बोले- ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा

### अमेरिका ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर हमले किए; ईरान का बहरीन-कुवैत पर अटैक



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर ईरान नहीं सुधरा तो उसका अस्तित्व नहीं बचेगा। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर उन्होंने कहा, लगता है ईरान कभी नहीं सुधरेगा, लेकिन हम और संयम नहीं बरत पाएंगे। एक समय ऐसा भी आ सकता है जब हमें उस सैन्य अभियान को पूरा करना पड़ेगा, जिसकी शुरुआत हमने बहुत सफल तरीके से की थी। अगर ऐसा हुआ तो ईरान का अस्तित्व ही नहीं बचेगा। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक नौसेना ने ईरान के 10 सैन्य ठिकानों पर हमला किया। CENTCOM के मुताबिक ये हमले होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरानी ठिकानों पर किए गए। यह कार्रवाई 'एम/टी किकु' नाम के तेल टैंकर पर हुए ईरानी ड्रोन हमले के जवाब में की गई है। दूसरी ओर, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने कुवैत के अली अल सलेम एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट बेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया।

**अमेरिका ने ईरान पर फिर किए हवाई हमले:** अमेरिका ने शुक्रवार को करीब एक घंटे तक ईरान के मिसाइल, ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स पर हवाई हमले किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम तोड़ा था, इसलिए यह कार्रवाई की गई।

**ईरान का अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला:** ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि उसने अमेरिकी हमलों के जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हालांकि, किन ठिकानों पर हमला हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी गई।

# मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान

## संसद को संबोधित किया, बोले- सेशेल्स से हमारा 256 साल पुराना रिश्ता, 5 भारतीयों से हुई इसकी शुरुआत

विक्टोरिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रविवार को सेशेल्स के सर्वोच्च नागरिक सम्मान गार्जियन ऑफ ब्लू होराइजन से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मोदी को अब तक 34 देशों का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुका है। सम्मान मिलने पर मोदी ने सेशेल्स की जनता, सरकार और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी का आभार जताया।

पीएम मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि सेशेल्स से भारत का रिश्ता सिर्फ 50 साल पुराना नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत अगस्त 1770 में हुई थी। जब थेलेमाक जहाज से यहां 5 भारतीय पहुंचे थे।

मोदी ने कहा कि जब लोग दुनिया का नक्शा देखते हैं, तो उन्हें सेशेल्स हिंद महासागर में बसे कुछ छोटे-छोटे द्वीपों का एक समूह दिखाई देता है। लेकिन हमारे लिए सेशेल्स सिर्फ द्वीपों का समूह नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है।

### पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने और लंबे समय तक पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में किए गए काम के लिए मिला है। पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी को अब तक 3 बड़े अवार्ड मिल चुके हैं। इससे पहले मई 2026 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन ने उन्हें एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया था। संयुक्त राष्ट्र ने साल 2018 में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड प्रदान किया था।

### हिंद महासागर में सुरक्षा सेशेल्स और भारत के बीच संबंधों के लिए जरूरी : राष्ट्रपति हर्मिनी



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने रविवार को कहा कि हिंद महासागर में सुरक्षा उनके देश और भारत के बीच संबंधों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने पाइरेसी, ड्रग ट्रैफिकिंग, गैर-कानूनी मछली पकड़ने और बॉर्डर पार क्राइम से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत बहुत व्यापक और भविष्य को ध्यान में रखने वाली थी। यह बातचीत दोनों देशों के बीच गहरे दोस्ताना संबंधों और आपसी भरोसे को दर्शाती है। रष्ट्रपति हर्मिनी ने कहा कि भारत और सेशेल्स ने एक बार फिर इस बात को दोहराया है कि दोनों देशों की साझेदारी समान भौगोलिक स्थिति, इतिहास और एक स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है।

### हिंद महासागर में सेशेल्स भारत के लिए विशेष साझेदार, ये दोनों देशों को जोड़ता है: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि दोनों देशों को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत की हिंद महासागर संबंधी दृष्टि में सेशेल्स का विशेष स्थान है और दोनों देशों के रिश्ते सरकारों से पहले लोगों के बीच बने थे। नेशनल असेंबली को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने मोदी ने कहा, स्पीकर सिल्वेन लिबियन, सरकार के नेता बर्नार्ड जॉर्ज, विपक्ष के नेता, नेशनल असेंबली के सम्मानित सदस्य और मेरे प्रिय भाइयों-बहनों, नमस्कार। इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। अपने स्वागत के लिए स्पीकर का आभार जताते हुए कहा कि वह राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी और सेशेल्स की जनता के भी आभारी हैं।



## देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने की तैयारी

### शाह ने बुलाई पुलिस महानिदेशकों की बैठक

नई दिल्ली।



देश को माओवादियों से मुक्त करने के बाद गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह अब अवैध घुसपैठिया मुक्त बनाने के मिशन में जुट गए हैं। बिहार, राजस्थान, गुजरात और त्रिपुरा के सीमावर्ती जिलों का दौरा करने के बाद अमित शाह ने सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों की बैठक बुलाई है। नौ जुलाई को दिल्ली में होने वाली बैठक में खुफिया ब्यूरो, रॉ, ईडी, एनआईए समेत सभी केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख रहेंगे। बैठक में अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने के साथ-साथ घुसपैठ से जुड़े पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की रणनीति पर चर्चा होगी। सरकार घुसपैठ की समस्या से निजात दिलाने के लिए पहले ही उच्चाधिकार प्राप्त जनसांख्यिकी बदलाव समिति का गठन कर चुकी है।

### अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पूरे देश में एक साथ अभियान

पूर्वोत्तर के राज्यों में ऐसा होने की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को मिली है। अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पूरे देश में एक साथ अभियान चलाने की जरूरत को देखते हुए सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों की बैठक बुलाने का फैसला लिया गया।

इसके साथ ही देश में अवैध घुसपैठियों को लाने और बसाने का पूरा नेटवर्क है। हजारों रूपये देकर सीमा पार करने से लेकर फर्जी दस्तावेज बनाने तक की बात सामने आ चुकी है। इसी तरह इन घुसपैठियों से पैसा लेकर उन्हें देश के विभिन्न भागों में पहुंचाया जाता है। इससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना भी जरूरी है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी मामला : 8 आरोपियों के घर पुलिस की एकसाथ छापेमारी

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घरों पर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए। चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। पुलिस को अनुकल्प के घर डायरी और कुछ अहम दस्तावेज मिले हैं। पुलिस का मानना है कि डायरी राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण से संबंधित है। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया। पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुड़ने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पड़ताल की गई।

### आरोपियों के घर पुलिस की छापेमारी में क्या हुआ?

**रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू:** राम मंदिर से 2 किमी दूर स्वर्गद्वार मोहल्ले में टिन्नू के दो मंजिला मकान पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने घर में रखे कागजातों, बक्सों और अलमारी की तलाशी ली। परिजन से पूछताछ की।

**मनीष यादव:** टिन्नू के घर के बगल में आरोपी भतीजे मनीष यादव के घर पर भी छापेमारी हुई। वहां भी ताला लगा मिला। दो मंजिला मकान में रह रहे किराएदारों से पुलिस ने मनीष के बारे में सवाल किए।

**लवकुश मिश्रा:** रुदौली स्थित घर स्थानीय पुलिस पहुंची तो लवकुश के दादा 72 साल के जगदंबा मिश्रा बाहर बैठे दिखे। उनसे पूछताछ हुई।

**सुभाष चंद्र श्रीवास्तव:** अंजनीपुरम स्थित घर में छापेमारी हुई। घर पर ताला मिला। पुलिस ने पड़ोसियों से बातचीत की। सुभाष की संपत्ति और लाइफस्टाइल के बारे में जानकारी जुटाई।



**अनुकल्प मिश्रा:** कौशलपुरी स्थित घर पर पुलिस पहुंची तो मां ने दरवाजा खोला। 3 पुलिसवाले घर के अंदर गए। संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाली। परिवारवालों से पूछताछ की। पड़ोसियों से भी सवाल-जवाब किए।

**अविनाश शुक्ला:** कौशलपुरी में घर पर पुलिस को कोई नहीं मिला। पास में किराना स्टोर चलाने वाले राहुल कुमार से पुलिस ने पूछताछ की। उन्होंने बताया- अविनाश किराए पर रहते हैं। योग सेंटर से जुड़े हुए थे। घर कहीं गांव में है।

**रमाशंकर मिश्रा:** नया घाट में आरोपी के पिता ने छन्नू लाल मिश्र ने बताया- पुलिस आई थी। बक्सा और अलमारी देखी। जांच के बाद चले गए। घर में कुछ नहीं मिला। कुछ कागजों पर साइन करवाए। रमाशंकर करीब 6 साल से मंदिर के लिए काम कर रहा था।

## सऊदी अरब में हेलिकॉप्टर क्रैश, 14 की मौत

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी 14 लोगों की मौत हो गई। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोग सऊदी अरब के ही नागरिक थे। हालांकि, क्रैश की वजह की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सऊदी अरामको दुनिया की सबसे बड़ी तेल और गैस कंपनियों में से एक है। यह सऊदी अरब सरकार के स्वामित्व में है। इसकी स्थापना 1933 में अमेरिकी कंपनियों के साथ समझौते के तहत हुई थी। 1980 में यह पूरी तरह सऊदी सरकार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी का मुख्यालय धहरान में स्थित है। अरामको के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक है और यह प्रतिदिन लाखों बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करती है, जिससे यह वैश्विक ऊर्जा बाजार की प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गई है। सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था काफी हद तक इसी कंपनी की आय पर निर्भर करती है।

### कोबरी-सार




## जिन्होंने राम का विरोध किया, वो आज सबसे ज्यादा चिल्ला रहे : राठौड़

**नई दिल्ली.** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक साथ कई बड़े राजनीतिक मुद्दों पर विपक्ष को घेरा. अयोध्या राम मंदिर में मिले दान पर उठ रहे सवाल हों, उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर कांग्रेस के आरोप हों, केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी पर सब्सिडी का मामला हो या फिर बीजेपी का डिजिटल प्रशिक्षण अभियान राठौड़ ने हर मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष को आड़े हाथ लिया.

### विपक्ष की मंशा पर खड़े किए सवाल

अयोध्या में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए मिले दान और कथित गड़बड़ियों पर उठ रहे सवालों पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्ष की मंशा पर ही सवाल खड़े कर दिए. राठौड़ ने कहा कि जिन लोगों ने कभी राम मंदिर आंदोलन का विरोध किया, भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक को कोर्ट में चुनौती दी, जिन्होंने मंदिर निर्माण में कोई सहयोग नहीं दिया, वही आज सबसे ज्यादा सवाल उठा रहे हैं.

जिन्होंने राम निर्माण के लिए एक रूपया तक नहीं दिया, वो ही आज सबसे ज्यादा चिल्ला रहे हैं. उन्होंने कहा कि जिसने मंदिर निर्माण में योगदान दिया है, वही सवाल पूछने का नैतिक अधिकार रखता है.

# नोखा में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना पुलिस ने दो माह पहले हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को शनिवार शाम गिरफ्तार किया। इनमें चोरी करने वाला मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाला एक सुनार शामिल है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब चोरी किए गए माल को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

### शादी में गया था परिवार

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया-तेजाजी के पास निवासी गणेश पुत्र खेमाराम जाट ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि परिवार में शादी समारोह के कारण सभी सदस्य बाहर गए हुए थे और घर पर उनका 13 वर्षीय पुत्र हरिश अकेला था। एक लाख नकदी समेत सोने-चांदी के गहने चुराए बाद में अलमारी से करीब एक लाख रुपए नकद, लगभग साढ़े पांच किलो चांदी के आभूषण और करीब 70 ग्राम सोने के जेवर गायब मिले। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपियों पंकज और निर्मल ने नाबालिग को नशीला पदार्थ पिलाकर वारदात को अंजाम दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दीए जिसके कारण वह घटना के बारे में किसी को नहीं बता सका। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और संदिग्धों की तलाश शुरू की। लगातार तकनीकी और मुखबिर सूचना के आधार पर करीब दो माह की जांच के बाद पुलिस ने बीकानेर के कोट गेट थाना क्षेत्र निवासी पंकज पुरी 38 पुत्र नंदकिशोर पुरी गोस्वामी को मोहनपुरा क्षेत्र से पकड़ा। पंकज पुरी वर्तमान में हरिराम जी मंदिर के पास किराये के मकान में रहता है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने के आरोप में नोखा के आरके पुरम निवासी स्वर्णकार नवनीत सोनी पुत्र नंदकिशोर उर्फ मालचंद सोनी को भी गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी नशे और लग्जरी लाइफ के शौकीन हैं, जिसके चलते उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले के खुलासे में एएसआई हरिराम मीणा के नेतृत्व में कांस्टेबल खुशराज मीणा और पवन कुमार सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# तेजाजी मंदिर में चोरी के प्रयास का आरोपी अरेस्ट

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती मूंदड़ा गांव की गौशाला में स्थित सत्यवादी वीर तेजाजी मन्दिर में चोरी के प्रयास के दौरान मूर्ति के हिस्सों को खंडित करने के आरोपी चोर को सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी दरजाराम बोस ने बताया कि घटना के बाद सदर पुलिस की टीम ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद पुलिस की दो टीमें चोर की तलाश में जुट गई। आखिर ग्रामीण इलाके से ऊंटालड़ के रहने वाले हेमसिंह 22 पुत्र अजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि हेमसिंह एक शातिर चोर है। वह पहले भी चार वारदातों को अंजाम दे चुका है। मजे के बात ये है कि वह मन्दिरों में सिर्फ नकदी की चोरी करता है। मूर्ति के सोना चांदी आदि को नहीं छूता। लेकिन गुरुवार की रात जब वह तेजाजी मंदिर में घुसा तो उसने वहां रखा गल्ला तोड़ने के लिए तेजाजी की मूर्ति का भाला तोड़कर दिया। हालांकि वह चोरी नहीं कर पाया। लेकिन भाला खंडित होने के कारण मामले ने तूल पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिनमें शातिर चोर नजर आया। डीएसपी ने बताया कि कार्रवाई में सदर थाने की एसआई गीतारानी के नेतृत्व में टीम ने सराहनीय काम करते हुए तेहनदेसर से चोर को पकड़ लिया।

# पड़ोसी के बंद मकान में चल रहा था अवैध शराब का धंधा

## शिकायत पर पुलिस ने जब्त की अवैध शराब

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिले के रतनगढ़ तहसील के गांव मालपुर में पड़ोसी के बंद मकान में शराब के अवैध धंधे की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब को जब्त किया है। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 50 हजार हजार रुपए बताया गया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि तहसील के गांव मालपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र साहिबराम ने लिखित शिकायत दी कि उनका एक पैतृक मकान गांव में है, जो करीब वर्षों से बंद है।

उक्त मकान में उनका पड़ोसी रणजीत मेघवाल उनकी बिना जानकारी के अवैध शराब रखता है। रणजीत को कई बार मना भी किया, लेकिन वह नहीं माना। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर विभिन्न ब्रांड की शराब व बियर मिली, जिसे जब्त कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नागौरी तेलियान विकास समिति द्वारा नागौरी तेलियान समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

## 23 अगस्त को पोस्टर का हुआ विमोचन

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** नागौरी तेलियान समाज, बीकानेर के होनहार छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु आयोजित किए जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। यह समारोह नागौरी तेलियान विकास समिति की ओर से आगामी 23 अगस्त, रविवार को सुबह 11 बजे हसनैन चैरिटेबल ट्रस्ट, कोठारी हॉस्पिटल के पास, बीकानेर में आयोजित किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट मकबूल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह में नागौरी तेलियान समाज, बीकानेर के वर्ष 2026 में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही समाज की अन्य विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। समिति के सदस्य सिकन्दर राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर का विमोचन मदरसा सबीलुस्सलाम में किया गया। विमोचन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी ने की।

### इस अवसर पर वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी ने कहा कि

श्समाज की तरक्की का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें सकारात्मक सोच का विकास होता है। अमीर वली मोहम्मद गौरी रजवी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की नागौरी तेलियान विकास समिति हमेशा से शिक्षा और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रही है। यह आयोजन समाज के होनहार विद्यार्थियों के लिए नया उत्साह और दिशा प्रदान करेगा।




पोस्टर विमोचन समारोह में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से अमीर वली मो गौरी रजवी, नजीर गौरी, सैय्यद जाकिर हुसैन रूण, खैरदीन राठौड़, मकबूल खान, सैय्यद ताहिर, सैय्यद आफताब, साजिद हुसैन गौरी, माजिद खान गौरी, इस्माइल खिलजी, मोहम्मद हुसैन खिलजी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति के सैय्यद आफताब ने समाज के सभी पात्र छात्र-छात्राओं से समय पर पंजीयन कर इस आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है तथा समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने का आह्वान किया है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री का भव्य स्वागत

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत एवं प्रदेश महामंत्री रामेश्वर गुर्जर का अजीतगढ़ आगमन पर अजीतगढ़ पंचायत समिति के निवर्तमान प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव के नेतृत्व में साफा बांधकर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन सम्मान किया गया। इस अवसर पर दोनों प्रदेश स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों ने पंचायत समिति अजीतगढ़ के निवर्तमान प्रधान एडवोकेट शंकर लाल यादव के कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विचारविमर्श किया गया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रतनलाल जांगिड़, चिमना राम चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जीएल टेलर एवं शिम्भु यादव सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का आगाज आज से



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर आराध्य भगवान श्री श्री राधा गोपीनाथ के मंदिर श्रीमाधोपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ श्री जगन्नाथ भगवान को स्नानी पूर्णिमा के दिन 108 कलशों से स्नान कर गणेश स्वरूप दर्शन के पश्चात किया जाएगा। जिसके अंतर्गत सोमवार 29 जून 2026 को सायं 5 बजे भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा माता का स्नान मंडप पर 108 कलशों द्वारा पवित्र नदियों के जल से स्नान कर तत्पश्चात गणेश रूप दर्शन से जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव शुभारंभ होगा । मंदिर महंत मनोहर शरण दास ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को भगवान श्री जगन्नाथ को पतित पावनी गंगा एवं अन्य पवित्र नदियों के जल से स्नान करा कर परंपरा अनुसार मराठी भक्तों को श्री गणेश स्वरूप के दर्शन कराए जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव 16 से 24 जुलाई भगवान जगन्नाथ को रथारूढ कर मंदिर परिक्रमा करते हुए किया जाएगा। शुक्रवार 17 से 23 जुलाई तक 2 से 6 बजे तक प्रतिदिन श्री वृंदावन धाम निवासी महान संत श्री ब्रज बिहारी दास द्वारा श्री भक्तमाल रस कथा का पान कराया जाएगा। उक्त दिवसों में भगवान श्री जगन्नाथ की मंगला से शयन आरती पर्यंत अष्टयाम सेवा धराई जाएगी । शुक्रवार 24 जुलाई 2026 को भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा को तीन अलग-अलग रथों में आरूढ़ कर कर सभी भक्तों के दर्शनार्थ नगर भ्रमण भव्य हरिनाम संकीर्तन के साथ कराया जाएगा।

# प्रिंस लोटस वैली प्री फाउण्डेशन में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली प्री फाउण्डेशन में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर साइंस एग्जाम एनएसईजेएस, इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स तथा विभिन्न स्कूल लेवल टेस्ट सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 147 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रिंस एजुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्वयं को बेहतर बनाने का संकल्प लेने के साथ निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया। सेमिनार में प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल रेणुका पूनियां, प्री फाउंडेशन हेड जयपाल राठौड़, कॉर्डिनेटर राधेश्याम शर्मा सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स व विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रिंस प्री-फाउण्डेशन में स्पेशलाइज्ड बैचेज एवं डेडिकेटेड फैकल्टी द्वारा कक्षा 6 से 10वीं के साथ-साथ आईओक्यूएमए एनएसईजेएसए आईएनजेएसओए आईएमओ, एसटीएसई सहित विभिन्न ओलंपियाड्स की उच्च स्तरीय तैयारी करवाई जाती है।

# स्वर्णकार को मिला राज्य स्तरीय सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को गंगानगर के अग्रवाल ट्रस्ट सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह मे सेवा रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया। एस बी टी ग्रुप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, सांसद कुलदीप इंदोरा तथा ग्रुप के चेयरमैन रवि चमड़िया द्वारा स्वर्णकार को ये सम्मान प्रदान किया। श्याम स्वर्णकार द्वारा 16 वर्षो से की जा रही निस्वार्थ बेहतरीन मानव सेवाओं के लिए यह प्रदान किया गया। इस समारोह मे राजस्थान के अलग अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रो में सेवाओं के लिए लोगो को सम्मानित किया गया।

# पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के घोड़ीवारा बालाजी मंदिर में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जयपुर से झुंझुनू जाते समय राठौड़ का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान धर्मेन्द्र राठौड़ ने घोड़ीवारा बालाजी मंदिर में धोक लगाकर पूजा-अर्चना की। कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अरविंद चौबे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सामान्य वर्ग के लोगों को ईडब्ल्यूएस ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। इस पर राठौड़ ने संबंधित समस्या के समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व वाइस चेयरमैन शहजाद चोपदार, पूर्व पार्षद प्रमोद पचलंगिया, कांग्रेस ब्लॉक मंडल अध्यक्ष राजकुमार चेजारा, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ब्लॉक अध्यक्ष इकबाल कुरैशी, आरिफ भाटी, पवन शर्मा, रामस्वरूप चेजारा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है तथा कार जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि मृतक राधेश्याम 58 निवासी महल रोड, जगतपुरा थे, जो महल रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। शनिवार रात करीब 1:30 बजे ड्यूटी के दौरान मंदिर के सामने सर्विस लेन में सड़क किनारे खड़े एक ठेले पर लेटकर आराम कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार सर्विस लेन में घुस गई और ठेले को जोरदार टक्कर मार दीए जिससे राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची रामनगरिया थाना पुलिस ने चालक और कार को अपने कब्जे में लिया तथा घायल राधेश्याम को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# माता पिता की पुण्यस्मृति में प्रज्ञा लाइब्रेरी को मिला वाटर कूलर, भामाशाह परिवार का हुआ सम्मान

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित गायत्री शक्तिपीठ की नि:शुल्क संचालित प्रज्ञा लाइब्रेरी, नवलगढ़ में स्व. हरकोरी देवी, धर्मपत्नी स्व. रामनिवास सैनी की पुण्यस्मृति में उनके पुत्र जगदीश प्रसाद सैनी, हरिराम सैनी, नंदलाल सैनी एवं छोटेलाल सैनी द्वारा विद्यार्थियों एवं पाठकों की सुविधा के लिए भेंट किए गए वाटर कूलर का विधिवत लोकार्पण किया गया। डॉ. दया शंकर जांगिड़ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। मोहनलाल चूड़ीवाला, रामकुमार सिंह राठौड़ एवं विश्वनाथ जोशी विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता गायत्री परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी बृजलाल मारोठिया ने की। स्व. हरकोरी देवी की देवरानी बहन श्योपाली देवी ने फीता काटकर वाटर कूलर का लोकार्पण किया। कल्याण सिंह शेखावत ने उद्बोधन में सेवा, संस्कार, दान और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। गायत्री परिवार नवलगढ़ ने जगदीश प्रसाद सैनी, हरिराम सैनी, नंदलाल सैनी एवं छोटेलाल सैनी, नंदकिशोर सैनी का माला, साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही परिवार की संतोष देवी, सुमन देवी, धर्मा देवी, मनभरी देवी, मंजू देवी एवं नंदकिशोर सैनी का भी गायत्री परिवार की ओर से प्रज्ञा लाइब्रेरी की केयर टेकर रंजना शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर नंदलाल सैनी ने नि:शुल्क संचालित प्रज्ञा लाइब्रेरी के विद्यार्थियों के लिए 10 कुर्सियां भी भेंट कीं। मुख्य अतिथि डॉ. दया शंकर जांगिड़ ने कहा कि शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में किया गया सहयोग समाज की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने भामाशाह परिवार के इस अनुकरणीय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इससे नि:शुल्क संचालित प्रज्ञा लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। ब्लॉक संयोजक प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दायमा ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए बताया कि गायत्री शक्तिपीठ में संचालित नि:शुल्क प्रज्ञा लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं, शिक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं आध्यात्मिक साहित्य का विशाल संग्रह उपलब्ध है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। उन्होंने भामाशाह परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के सक्षम लोगों से इस प्रकार के सेवा कार्यों में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ अनूप सैनी, जगदीश जांगिड़, मुरली मनोहर चोबदार, विश्वनाथ जोशी, राममोहन सेकसरिया, पंकज सैनी, नरेश हिन्दु, लखन बेडवाल, मनोहर लाल सैनी, राम चन्द्र सैनी, महावीर सैनी, सुरेन्द्र सैनी, नवनित सैनी, नवीन सैनी, धर्मेंद्र पारीक, विनोद सैनी, महेश सैनी, यौगांसी, कौमल, सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन कई श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# करंट से मौत, 7 घंटे बाद उठा शव : ग्रामीणों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा थाना क्षेत्र के रोड़ा गांव में हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से ग्रामीण नकू सिंह की मौत के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने शनिवार देर रात तक विरोध प्रदर्शन किया। करीब 7 घंटे तक चले धरने के बाद पुलिस और प्रशासन के साथ हुए समझौते के बाद शव को नोखा मॉर्च्यूरी भिजवाया गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात नकू सिंह अपनी ढाणी की ओर जा रहे थे, तभी एक हाईटेंशन तार टूटकर उन पर गिर गया। इस से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली



विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई, मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सुरक्षा संबंधी स्थाई समाधान की मांग की। देर रात कार्यवाहक तहसीलदार सुरेश डारा, सीआई अरविंद भारद्वाज, बिजली विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। इसमें मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने, एक डेयरी बूथ का प्रस्ताव भेजने, ढीले बिजली तारों और अन्य कमियों को दूर करने तथा गोविंद नगर क्षेत्र में असुरक्षित बिजली लाइनों की प्रशासनिक जांच कराने पर सहमति बनी। रविवार सुबह करीब 11 बजे मॉर्च्यूरी के बाहर लिखित समझौता पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान बिजली विभाग के एईएन प्रमोद बारूपाल ने दुर्घटना वाली लाइन को हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने, पास की ढाणियों व खानों के ऊपर से गुजर रही लाइन को हटवाने, लूज लाइनों को दुरुस्त कराने और विभाग स्तर पर भी उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए और नोखा पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# युवा विकास समिति की मेहंदी प्रतियोगिता में सीता प्रजापत रहीं प्रथम, प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** ललित दाधीच राजलदेसर युवा विकास समिति के तत्वावधान में श्री राजलदेसर गौशाला परिसर में रविवार को आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन में कुल 50 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 46 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर आकर्षक एवं मनमोहक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने संबोधन में समिति के संरक्षक पूनमचंद गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं महिलाओं और युवतियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए युवा विकास समिति निरंतर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर रही है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। श्री राजलदेसर गौशाला महिला कार्य समिति की अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने कहा कि मेहंदी भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल कला को बढ़ावा देती हैं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच का भी विकास करती हैं। समिति अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हार और जीत से अधिक महत्वपूर्ण भागीदारी और सीखने की भावना होती है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यासए आत्मविश्वास और मेहनत से हर प्रतिभागी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया । समाजसेविका पुष्पा चिडालिया एवं रीटा लाटा ने भी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को सम्मान देने वाले ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायी हैं और इनसे नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिलती है। प्रतियोगिता का निष्पक्ष एवं पारदर्शी मूल्यांकन निर्णायक जया सेवग श्रीडूंगरगढ़, अर्पिता प्रजापत एवं मनीषा सोनी रतनगढ़ ने किया। उत्कृष्ट कलात्मक प्रस्तुति के आधार पर सीता प्रजापत पुत्री गोपालाराम प्रजापत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूजा प्रजापत पुत्री जंवरीलाल प्रजापत द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि रेशमा सुथार पुत्री इन्द्रचंद सुथार एवं मोनिका प्रजापत पुत्री गजानंद प्रजापत ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वविजेता प्रतिभागियों को अतिथियों एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा मोमेंटो, गिफ्ट, प्रमाण-पत्र एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित कर उनके उत्साह और प्रतिभा की सराहना की गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों, अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। समिति ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी समाजहित एवं प्रतिभा-विकास को समर्पित ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर समिति के संरक्षक रतनलाल बारूपाल, मंत्री विनोद भाटिया, उपमंत्री शिव भगवान सोनी, कोषाध्यक्ष सीताराम गर्ग, कन्हैयालाल सोनी, पूर्व मंत्री मदन दाधीच, पंडित बृजेश दाधीच, सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश मीणा, रामावतार पांडे, मोहित गर्ग, राधिका सोनी, मधु श्रीमाल, कांता सैनी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के संरक्षक वीरेंद्र लाटा ने किया।

## चिकित्सा शिविर का 365 लोगों ने लाभ उठाया



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र झुंझुनू के संयुक्त तत्वाधान में सुलोचना जालान, सविता जांगिड़, आरती मुंड के आर्थिक सौजन्य से लावरेश्वर महादेव मंदिर में नेत्र चिकित्सा एवं मधुमेह व उच्च रक्तचाप शिविर का आयोजन किया गया, संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टिबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा 222 रोगियों की आंखों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां एवं 105 रोगियों को चश्मे वितरण किए गए, 24 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया, जिनके ऑपरेशन सोमवार को कराए जाएंगे, अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के143 रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई, कार्यक्रम में झंडी प्रसाद हिम्मतरामका, सुरेश कुमार पंसारी, डॉ एस एन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, सूमेरसिंह कर्णावत, हरिकिशन खेतान, सुनीता देवी, सुधा पूनिया, गणेश कुमार हलवाई, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, पंकज जालान, राजेश अग्रवाल, नितिन जालान, बजरंग लाल अग्रवाल, प्रदीप कुमार शुक्ला, शिव प्रसाद महर्षि, सीताराम सैनी, कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र कुमार गोड़, सुभाष चंद्र जोशी, पवन कुमार खेतान, चंद्र प्रकाश जालान, लोकेश कुमार, अकराज कूरेशी, बिहारी लाल सैनी, रमेश चंद्र अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, भरत कुमार तुलस्यान, काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## 6 माह से फरार 25 हजार का इनामी ड्रग तस्कर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफने नशा तस्करों के खिलाफकार्रवाई करते हुए छह माह से फरार 25 हजार रुपए के इनामी तस्कर जालम सिंह को जालोर के कागमाला टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया है। विशेष अभियान ऑपरेशन मदमलज के तहत की गई इस कार्रवाई में आरोपी को निजी बस से दबोचा गया। एएनटीएफके अनुसारए उसकी गिरफ्तारी के साथ ही पिछले कुछ समय में 70वें फरार तस्कर को सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता मिली है। एएनटीएफ पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में गिरफ्तार जालम सिंह, निवासी कुड़ल बालोतरा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के बीच एमडी ड्रग्स की अंतरराज्यीय तस्करी का प्रमुख सूत्रधार था।

पुलिस के अनुसार जालम सिंह करीब 16 वर्ष पहले मजदूरी के लिए गुजरात के हिम्मतनगर गया थाए जहां एक व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद वह मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ गया। वह एमडी खरीदकर उसमें अन्य पाउडर मिलाकर मात्रा बढ़ाता और अधिक कीमत पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। करीब छह माह पहले भीनमाल में एएनटीएफने उसके एक साथी को एमडी के साथ पकड़ा था। पूछताछ में जालम सिंह का नाम सामने आयाए लेकिन वह मौके से फरार होकर गुजरात और महाराष्ट्र में ठिकाने बदल-बदलकर छिपता रहा। पुलिस से बचने के लिए उसने मोबाइल का इस्तेमाल भी बंद कर दिया और जरूरत पड़ने पर राहगीरों के फोन से ही बातचीत करता था। बाद में उसने अपने गांव के पास होटल भी खुलवायाए जहां वह भेष बदलकर आता-जाता था। 25 हजार रुपए का इनाम घोषित होने के बाद उसने फिर राजस्थान छोड़ दिया। एएनटीएफने आरोपी तक पहुंचने के लिए फ्र्जी ग्राहक बनकर उसके एक पुराने तस्करी साझेदार से संपर्क किया और राजस्थान में बड़ा ड्रग नेटवर्क खड़ा करने का झांसा दिया।

लालच में आकर जालम सिंह महाराष्ट्र से निजी बस में राजस्थान आने के लिए तैयार हो गया। सूचना मिलने पर टीम ने कागमाला टोल प्लाजा पर नाकाबंदी कर बस को रुकवाया। आरोपी ने जगदीश नाम से फर्जी टिकट बुक कराया था, लेकिन पहचान पत्र जांच के दौरान वह घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपनी असली पहचान स्वीकार कर ली। आईजी विकास कुमार ने इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली एएनटीएफ टीम की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों और जवानों को सम्मानित करने की घोषणा की है। साथ ही आमजन से नशा तस्करी से संबंधित गोपनीय सूचनाएं पुलिस को उपलब्ध कराने की अपील की है।

# 2.29 करोड़ रुपये के क्रिप्टो साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, तकनीकी विशेषज्ञ समेत चार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिले की दूधवाखारा थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2.29 करोड़ रुपये के क्रिप्टो आधारित साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस अंतरराज्यीय साइबर सिंडिकेट का खुलासा करते हुए एक तकनीकी विशेषज्ञ टेक्निकल एक्सपर्ट सहित चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महज एक महीने के भीतर करोड़ों रुपये के अवैध डिजिटल ट्रांजेक्शन को अंजाम दिया था। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद ने बताया कि थानाधिकारी महेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में दूधवाखारा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### ऐसे करते थे करोड़ों का खेल

जांच में सामने आया कि गिरोह और ज्तवद स्पदा जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिप्टो प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा था। गिरफ्तार तकनीकी विशेषज्ञ दीपांशु टेलीग्राम के जरिए सक्रिय रहकर बड़े पैमाने पर ट्रांसफर करता था। ट्रांसफर के बाद बैंक खातों की जानकारी लेकर रकम विभिन्न खातों में भेजी जाती थी। पुलिस के अनुसार आरोपी भवानी सिंह, संजय सिंह और मनीष मेघवाल न केवल अपने बैंक खाते गिरोह को उपलब्ध कराते थे, बल्कि कई अन्य लोगों के खाते भी कमीशन पर उपलब्ध करवाते थे। इन खातों में भारतीय मुद्रा जमा होने के बाद एटीएम और चेक के जरिए नकदी निकालकर सिंडिकेट तक पहुंचाई जाती थी।

### इनको किया है गिरफ्तार

भवानी सिंह 28 निवासी चकलोई, बणीरोटान, थाना दूधवाखारा, मनीष मेघवाल 27 निवासी चकलोई, बणीरोटान, थाना दूधवाखारा, संजय सिंह 29 निवासी चकलोई, बणीरोटान, थाना दूधवाखारा, दीपांशु 23 निवासी बास मुन्नी, थाना राजगढ़, हाल पुनिया कॉलोनी, कोतवाली चूरू पश्चिम बंगाल भागेए लौटते ही दबोचे गए करीब एक महीने तक करोड़ों रुपये के लेन.देन के बाद आरोपी पुलिस की नजर से बचने के लिए अपना नेटवर्क पश्चिम बंगाल ले गए। हालांकि वहां तकनीकी और स्थानीय परिस्थितियों के कारण उनका नेटवर्क सफल नहीं हो पाया। जैसे ही आरोपी वापस चूरू क्षेत्र लौटे, दूधवाखारा पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब साइबर फ्रॉड से जुड़ी राशि और अन्य सहयोगियों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और इस साइबर सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### साइबर सेल की सूचना से खुला नेटवर्क

पुलिस के अनुसार चूरू साइबर सेल से संदिग्ध म्यूल अकाउंट्स और चेक विदड्रॉल हॉटस्पॉट की तकनीकी जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू की गई। साइबर डेस्क ने करोड़ों रुपये के डिजिटल लेन.देन और आईपी एड्रेस का तकनीकी विश्लेषण किया, जिसके आधार पर पुलिस इस संगठित गिरोह तक पहुंचने में सफल रही।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की दी विस्तृत जानकारी



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के सीकर रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण को नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने आमजन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ में सुना। प्रधानमंत्री ने अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से जनभागीदारी, सेवा, नवाचार, आत्मनिर्भरता, खेल एवं राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रेरित किया। वही कार्यक्रम के दौरान विधायक विक्रम सिंह जाखल ने उपस्थित सभी साथियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की विस्तृत जानकारी दी तथा सरल ऐप डाउनलोड कर प्रशिक्षण से जुड़ने एवं संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा नेता महेश चौधुरी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष गौतम खण्डेलवाल, पार्षद जयन्ति बील, पूर्व मंडल अध्यक्ष शब्द प्रकाश बियान, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पूर्व सरपंच राधेश्याम सैनी, दिनेश भगेरिया, सादिक खत्री, ललित कुमावत, रामोतार सबलानिया, नेकीराम पूनियां सहित कई भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## किशनी देवी पूनमचंद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** किशनी देवी पूनमचंद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा स्व. किशनी देवी की स्मृति में पूगल रोड स्थित शिव धर्मकांटा के पीछे विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से नि:शुल्क परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जनसेवा के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. जयकिशन सुथार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विजय आचार्य, शिवदयाल सुथार, शिवजी कलाकार, श्याम सुंदर लदरेचा, परमेश्वर सुथार, ओमप्रकाश सुथार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर अतिथियों एवं उपस्थित जनों ने किशनी देवी पूनमचंद मेमोरियल ट्रस्ट की पूरी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी सेवा कार्य निरंतर आयोजित करने का आह्वान किया।

# प्लस पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ, ब्लॉक में 404 टीमें 26,857 बच्चों को पिलाएगी पोलियो की दवा

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गोठड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ किया गया। बीसीएमओ डॉ हरीश यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। बीसीएमओ डॉ हरीश यादव ने बताया कि खेतड़ी ब्लॉक में 28 जून से तीन दिवसीय प्लस पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के कुल 26,857 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। अभियान के सफल संचालन हेतु 404 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें कुल 857 कर्मचारी अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में 202 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां अभियान के प्रथम दिन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने के लिए विशेष टीमें कार्य करेंगी। अभियान के दौरान एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, इसके लिए विशेष निगरानी व्यवस्था भी की गई है। बीसीएमओ ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अभियान को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित करें। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक का सहयोग आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को संवेदनशील क्षेत्रों, ढाणियों एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान उन्होंने अभियान की माइक्रोप्लानिंग, बूथ व्यवस्था, वैक्सीन उपलब्धता तथा निगरानी संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाएं। इस मौके पर आरआरटी प्रभारी डॉ. महेंद्र सैनी, डॉ रूपेश सैनी, सेक्टर प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार शर्मा, अनिल भंडारपाल, दीपक राणा, सहीराम सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

# रामकृष्ण मिशन में लगे आंखों के शिविर मे 82 रोगियों की हुई जांच कर 38 मरीजों का करवाया जाएगा ऑपरेशन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द स्मृति मंदिर रविवार को नि:शुल्क ऑखों का शिविर लगाया गया। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में जयपुर के सहाय नैत्र रिसर्च सैन्टर के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा 82 रोगियो की जांच की जाकर 38 रोगियो को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाता है, जो गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामाजिक सरोकार में रामकृष्ण मिशन अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को मानते हुए महिलाओं को निशुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वही बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन द्वारा गरीबों में समय-समय पर वस्त्र व अन्य घरेलू सामग्री वितरित कर स्वामी विवेकानंद के कार्यों को चरितार्थ कर रहा है। रामकृष्ण मिशन में आने वाले हर व्यक्ति की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाता है।



उन्होंने बताया कि रामकृष्ण मिशन के सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हुए है। रामकृष्ण मिशन की ओर से कार्यक्रम के दौरान 82 लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। इस मौके पर स्वामी प्रशांतानंद महाराज, कालीचरण गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुरेश सैनी, गोपी राम, ग्यारसीलाल, महेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# टीम हॉर फॉर नेशन का स्वच्छता अभियान निरंतर जारीए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** हॉर फॉर नेशन टीम द्वारा प्रत्येक रविवार की भाँति आज प्रात: 7:00 बजे चूरूजन भ्रमण पथ, मुख्य द्वार पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम सदस्यों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से पूरे क्षेत्र की सफाई करते हुए लगभग एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा एकत्रित किया, जिसे डम्पिंग यार्ड भिजवाया गया। अभियान के दौरान प्रात: भ्रमण के लिए आए अनेक नागरिकों ने भी स्वेच्छा से सफाई कार्य में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। टीम ने सभी सहयोगी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर बसंत, सीए वसीम, गजेन्द्र सरीन, मानक व्यास, इन्द्र सिंह, रामहंस मीणा, सुरभि शर्मा, गुरमोहन सेठी, राजू ड्रेसर, भवानी सिंह राजपुरोहित एवं रमेश उपाध्याय सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### हॉर फॉर नेशन की संक्षिप्त यात्रा

वर्ष 2016 में प्रारम्भ हुई हॉर फॉर नेशन एक जनसहभागिता आधारित सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को श्हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम। की भावना से जोड़ना है। टीम पिछले दस वर्षों से निरंतर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रहित के विभिन्न कार्यों में सक्रिय है। बीकानेर में प्रत्येक रविवार नियमित स्वच्छता अभियान चलाकर टीम ने हजारों नागरिकों को इस जनआंदोलन से जोड़ने का कार्य किया है। टीम का मानना है कि स्वच्छता केवल सरकारी दायित्व नहींए बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक भारत का निर्माण संभव है।

## सम्पादकीय


# पासपोर्ट फीस बढ़ी और नागरिकता पर सवाल

### फिर उलझ गया दस्तावेजों का सिस्टम

विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने, रोजगार पाने या फिर भ्रमण का सपना संजोने वाले लोगों को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए अपनी जेब और अधिक ढीली करनी पड़ेगी। सरकार ने पासपोर्ट के आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है, जिसके तहत अब 36 पन्नों के सामान्य पासपोर्ट के लिए 1,500 रुपए की जगह 2,500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि तत्काल सेवा के लिए 3,500 रुपए के बजाय 5,000 रुपए देने होंगे। सरकार की ओर से शुल्क बढ़ोतरी का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है, लेकिन इसका असर निश्चित रूप से उन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ेगा, जिनके बच्चों को विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने के अवसर मिलते हैं। साथ ही उन श्रमिकों पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो विदेश में रोजगार के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना चाहते हैं। इसी के साथ पासपोर्ट को नागरिकता का प्रमाण न मानने को लेकर भी विवाद पैदा हो गया है। सड़कों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक यह सवाल उठने लगा है कि आखिर नागरिकता साबित करने के लिए कौन सा दस्तावेज जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय विद्यार्थियों का विदेश जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने में खासा रुझान देखा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में 12 लाख से अधिक भारतीय विद्यार्थी विभिन्न देशों में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे थे, लेकिन अब इन छात्रों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। विदेशी शिक्षा संस्थानों में बढ़ती फीस और वीजा नियमों में की जा रही सख्ती से देश के छात्रों के कदम ठिठक रहे हैं। ऐसे में पासपोर्ट के आवेदन शुल्क में बढ़ोतरी उनके इरादों को और कमजोर कर सकती है। इसी तरह विदेश में रोजगार के लिए जाने वाले श्रमिक वर्ग पर भी इसका विपरीत असर पड़ने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में करीब साढ़े तीन लाख भारतीय श्रमिक विदेश गए थे। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या आर्थिक स्थिति के आधार पर पासपोर्ट आवेदन शुल्क में रियायत नहीं दी जा सकती है। सरकार का मकसद केवल राजस्व अर्जित करना ही नहीं, बल्कि आम लोगों की आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान देना भी होना चाहिए। यही नहीं, पासपोर्ट के नागरिकता का प्रमाण न होने को लेकर एक नई बहस भी छिड़ गई है। विपक्षी दलों का कहना है कि पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र अगर नागरिकता को साबित नहीं करते, तो फिर इसके लिए कौन सा दस्तावेज जरूरी है। यह विचित्र बात है कि एक तरफ सरकार का दावा है कि पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है और यह कभी भी नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं रहा है, तो दूसरी तरफ निर्वाचन आयोग का कहना है कि मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए पात्रता साबित करने हेतु जिन 12 वैध दस्तावेजों की जरूरत होती है, उनमें पासपोर्ट भी शामिल है। यह बात भी सामने आती है कि देश भर में हो रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की ओर से नागरिकता की आंशिक रूप से जांच की जा रही है। ऐसे में अब यह मांग भी उठ रही है कि सरकार को कानूनी ढांचे में संशोधन कर पासपोर्ट और आधार कार्ड दोनों को भारतीय नागरिकता का वैध और निर्णायक प्रमाण घोषित करना चाहिए।

## ● विशेष आलेख

# लद्दाख की अस्मिता को निगलती पर्यटन संस्कृति



पर्यटन से होने वाली आमदनी का स्वागत है, लेकिन यह स्थानीय लोगों के जीवन की कीमत पर नहीं होना चाहिए। जब तक पर्यटक जिम्मेदार नहीं होंगे और प्रशासन कचरे, पानी, बिजली और वाहनों के धुएं के लिए एक एकीकृत मास्टर प्लान नहीं बनाएगा, तब तक इस नाजुक हिमालयी क्षेत्र को तबाही की तरफ बढ़ने से रोकना नामुमकिन होगा।

लेह प्रशासन बड़े गर्व से बता रहा है कि पिछले साल की तुलना में इस बार लेह-लद्दाख में 44 फीसदी अधिक पर्यटक आए। हिमालय की गोद में बसा केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख पिछले कुछ सालों में एक बड़े वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। हर साल गर्मी का मौसम आते ही यहां सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। पर्यटन ने प्रदेश की आमदनी में उल्लेखनीय इजाफा किया है।

लेकिन इस आर्थिक समृद्धि के पीछे एक ऐसा स्याह सच भी छिपा है, जो लद्दाख की नाजुक पारिस्थितिकी के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। विडंबना यह है कि जिसे कभी 'शांग्री-ला' यानी पृथ्वी का स्वर्ग कहा जाता था, वह आज अनियंत्रित पर्यटन के कारण उपजे कचरे, पानी की किल्लत, बिजली के संकट और वाहनों के धुएं से हांफ रहा है।

लेह-लद्दाख में लगभग 670 होटल बन गए हैं और इनमें से 60 फीसदी लेह शहर में हैं। चूंकि अधिकांश पर्यटक सबसे पहले लेह ही आते हैं और उन्हें कम से कम दो दिन वहीं रुकने की सलाह दी जाती है ताकि उनका शरीर वहां के परिवेश के अनुरूप खुद को ढाल सके, सो लेह पर वहां की मूल आबादी से तीन गुना बाहर से आए लोगों का बोझ सदा बना रहता है, जिनमें 50 हजार तो प्रवासी मजदूर ही हैं। जान लें इस इलाके में कहीं हरियाली दिखती नहीं। यह बर्फीला रेगिस्तान है। समुद्र तल से कोई 11 हजार फुट ऊपर बसे लेह में यहां सालाना बारिश मात्र 10 सेंटीमीटर होती है। लेह शहर में सिंधु नदी से पानी की आपूर्ति होती है लेकिन इतने सारे होटल बोरवेल पर निर्भर हैं।

लद्दाख इस समय अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट से गुजर रहा है। शीत मरुस्थल होने के कारण लद्दाख हमेशा से पानी के लिए ग्लेशियरों के पिघलने और सीमित बर्फबारी पर निर्भर रहा है। पारंपरिक रूप से लद्दाख के लोग शुष्क शौचालयों का उपयोग करते थे, जिसमें पानी की आवश्यकता नहीं होती थी। लेकिन पर्यटकों की आधुनिक सुविधाओं और होटलों की मांग के कारण पारंपरिक व्यवस्था की जगह 'फ्लश टॉयलेट' ने ले ली है। एक स्थानीय लद्दाखी जहां गर्मियों में औसतन 21 लीटर पानी का उपयोग करता है, वहीं एक पर्यटक प्रतिदिन करीब 75 लीटर पानी सोख लेता है। लेह में होटलों और गेस्ट हाउसों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिन्होंने पानी की भारी मांग को पूरा करने के लिए अंधाधुंध कमर्शियल बोरवेल खोद डाले हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि लेह का भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है और प्रशासन को पानी की राशनिंग करने के साथ-साथ टैंकरों के जरिए जलापूर्ति करनी पड़ रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण कम होती बर्फबारी और पर्यटन के अत्यधिक दबाव ने पानी की इस कमी को जीवन-मरण का प्रश्न बना दिया है।

दरअसल, पर्यटन बढ़ने से हिमालय के पहाड़ों पर कचरे का संकट बढ़ता है। हालांकि अभी लेह प्रशासन ने समूचे इलाके में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी के आदेश जारी किये हैं लेकिन अभी उसका कोई जमीनी असर दिख नहीं रहा। टूरिस्ट सीजन में लेह पर करीब 247 टन कचरे का अतिरिक्त बोझ बढ़ जाता है। म्युनिसिपल कमेटी के अनुसार सर्दियों में कचरे की मात्रा गर्मियों की तुलना में सिर्फ 25 प्रतिशत ही रह जाती है। यह समस्या तब और विकराल हो जाती है जब लद्दाख की भौगोलिक ऊंचाई और कड़ाके की ठंड इसमें अड़चनें पैदा करती हैं। यद्यपि साल 2020 में स्कम्पारी में सौर ऊर्जा से संचालित 30 टन क्षमता का वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया गया है, लेकिन शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे के तापमान में गीला कचरा पूरी तरह जम जाता है। अत्यधिक ठंड और ऊंचाई के कारण मजदूरों की कार्यक्षमता बुरी तरह प्रभावित होती है, जिससे कचरे की प्रोसेसिंग में देरी होने लगती है। सबसे खराब स्थिति सर्दियों में भारी बर्फबारी के दौरान होती है, जब कचरा इकट्ठा करने वाले ट्रकों की आवाजाही ठप हो जाती है।

एक तरफ बढ़ते पर्यटक हैं और फिर उनकी सुविधाओं के लिए बिजली की मांग बढ़ती है वहीं लद्दाख के पास अपनी सीमित पनबिजली और सौर ऊर्जा प्रणालियां हैं, जो इस अचानक बढ़ी मांग को पूरा करने में हांफने लगती हैं। गर्मियों में जब होटलों, रेस्टोरेंट्स और होमस्टे में पर्यटकों की भीड़ होती है, तब बिजली की मांग अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। पीक सीजन में इस कमी को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर डीजल जेनरेटरों का सहारा लिया जाता है। ये जेनरेटर न केवल भारी मात्रा में ईंधन की खपत करते हैं, बल्कि लद्दाख की शांत और स्वच्छ हवा में लगातार कार्बन और कानफोड़ू शोर घोलते रहते हैं। बिजली के इस अस्थायी और प्रदूषणकारी विकल्प ने शांत वादियों के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है।

इस पूरे संकट में वाहनों से निकलने वाला धुआं आग में घी का काम कर रहा है। पैंगोंग त्सो, नुब्रा वैली और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा के लिए हर दिन सैकड़ों डीजल चालित एसयूवी, टैक्सियां और कमर्शियल गाड़ियां लेह की सड़कों से गुजरती हैं। इन जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के अनियंत्रित काफिलों के कारण लेह में न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो रही है, बल्कि इनसे निकलने वाला काला कार्बन (सूट) और धुआं हवा को प्रदूषित कर रहा है। यह काला कार्बन हवा में तैरकर आसपास के ग्लेशियरों पर जमा हो रहा है। ग्लेशियरों की सतह काली होने के कारण वे सूरज की रोशनी को परावर्तित करने के बजाय अधिक गर्मी सोख रहे हैं, जिससे उनके समय से पहले और तेजी से पिघलने का खतरा पैदा हो गया है। यह चक्र अंततः लद्दाख के पूरे जल विज्ञान और जीवन चक्र को नष्ट कर सकता है।

वर्तमान परिदृश्य में लद्दाख में पर्यावरण शुल्क जैसी नीतियां भी खामियों से भरी हैं, क्योंकि यह केवल लेह से बाहर जाने वालों के परमिट पर लागू होती हैं, जबकि सिर्फ लेह आकर प्रदूषण फैलाने वाले पर्यटकों से कुछ नहीं वसूला जाता। पर्यटन से होने वाली आमदनी का स्वागत है, लेकिन यह स्थानीय लोगों के जीवन की कीमत पर नहीं होना चाहिए। जब तक पर्यटक जिम्मेदार नहीं होंगे और प्रशासन कचरे, पानी, बिजली और वाहनों के धुएं के लिए एक एकीकृत मास्टर प्लान नहीं बनाएगा, तब तक इस नाजुक हिमालयी क्षेत्र को तबाही की तरफ बढ़ने से रोकना नामुमकिन होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा। विरोधी अपमान करेंगे। शांति होगी।

### वृष
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे।

### मिथुन
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे। कुछ नुकसान होगा।

### कर्क
कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

### सिंह
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कष्ट होंगे। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। आ बैल मुझे मार की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

### कन्या
संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा।

### तुला
मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

### वृश्चिक
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें।

### धनु
चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मकर
यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

### कुंभ
राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे।

### मीन
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# रोज की यह गलत आदतें आपके बालों को पहुंचाती हैं नुकसान

हर कोई घने और स्वस्थ बाल पाना चाहता है। हालांकि, डाइट में पोषक तत्वों की कमी का असर बालों पर भी साफ देखने को मिलता है। पोषण की कमी की वजह से बाल तेजी से टूटने और झड़ने लगते हैं। इसके साथ वह कमजोर हो जाते हैं। लेकिन आदतों में कुछ बदलाव कर आप बालों को हेल्दी बना सकते हैं। आज के समय में बालों को उचित देखभाल न करने की वजह से भी बाल समय से पहले ही टूटने व सफेद होने लगते हैं। प्रदूषण और तेज धूप भी बालों को डैमेज करने का काम करती है। हमारी रोजाना की कुछ आदतें भी बालों पर हानिकारक प्रभाव डालने और उन्हें खराब करने के लिए जिम्मेदार होती हैं।



### ड्रायर और हीटिंग टूल्स का उपयोग

फ्लैट आयरन, कर्लिंग वैंड और ब्लो ड्रायर जैसे हीट स्टाइलिंग टूल्स का नियमित उपयोग बालों की जड़ों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। अत्यधिक गर्मी बालों की जड़ों को कमजोर कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप बाल रूखे और दोमुंहे हो सकते हैं। जब भी हीट स्टाइलिंग की जरूरी हो, ऐसे में अपने बालों को हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए हीट प्रोटेक्टेट स्प्रे या सीरम का इस्तेमाल करें।

### ज्यादा गर्म पानी से बालों को धोना

बालों को गर्म पानी से अधिक समय तक धोने से उसका नैचुरल ऑयल हट जाता है। इससे बालों में रुखापन और दोमुंहे होने की समस्या हो सकती है। इसके अतिरिक्त, नहाने के दौरान गर्म पानी का उपयोग बालों के रोम छिद्रों को कमजोर करके बालों से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है। बालों की प्राकृतिक नमी को बनाए रखने के लिए सप्ताह में 2 से 3 बार बालों को धो सकते हैं। साथ ही, इसको धोने के लिए नॉर्मल पानी और गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### तौलिये से बालों को न रगड़ें

धोने के बाद अपने बालों को तौलिए से जोर से रगड़ने से बाल टूटते और उलझते हैं। ऐसे में आप बालों का एक्ट्रा पानी हटाने के लिए हल्के हाथों से तौलिये का उपयोग करें। बालों को पोछने के लिए आप आप तौलिये की जगह पर कॉटन के कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बालों को टाइट न बांधे


बालों को कमजोर होने से बचाने के लिए आपके लिए उन्हें टाइट न बांधे। साथ ही, रात को सोते समय बालों को टाइट न बांधे। इससे सिर की स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलता है।

### कैमिकल प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें

बालों में कैमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। इससे बालों पर होने वाले हानिकारक प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है। कैमिकल युक्त हेयर प्रोडक्ट आपके बालों को डैमेज कर सकते हैं. इससे हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है।

# सोने से पहले इन फूड्स को डाइट में लेने से नींद आने में मिलती है मदद

नींद ना आने की समस्या काफी सारे लोगों को परेशान करने लगी है। जिसका सीधा संबंध खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ा होता है। कई बार गलत खाना भी नींद को डिस्टर्ब करता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कौन सा फूड खा रहे हैं इसका पूरा ध्यान रखें। फल, सब्जियां, नट्स में सारे तरह के मिनरल्स और शरीर से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने वाले तत्व होते हैं। कुछ फूड्स ऐसे होते हैं जो नींद लाने में हेल्प करते हैं। इन्हें रोजाना रात को सोने से पहले खाया जाए तो नींद अच्छी आती है।



### बादाम

बादाम को सबसे जरूरी ड्राई फ्रूट्स माना जाता है। इसे रोजाना खाने से काफी सारे फायदे होते हैं। लेकिन अगर आप रात को सोने से पहले बादाम खाते हैं तो ये अच्छी नींद लाने में मदद करता है। बादाम में मेलाटोनिन होता है जो बॉडी क्लॉक को रेगुलेट करने का काम करता है और बॉडी को सोने के लिए सिग्नल देता है।

### कैमोमाइल टी

अगर आप हर्बल टी लेना पसंद नहीं करते हैं तो इसके फायदे जान लें। कैमोमाइल टी काफी पॉपुलर हर्बल टी है, जिसे हेल्दी ड्रिंक में गिना जाता है। रात को सोने से पहले एक कप कैमोमाइल टी पीने से एंजाइटी और डिप्रेशन कम होता है। साथ ही इसमे ऐसे तत्व होते हैं जो नींद की क्वालिटी पर असर डालते हैं और गहरी नींद लाने में मदद करते हैं। स्टडी में पता चला है कि करीब एक महीना लगातार दो बार 270 मिलीग्राम कैमोमाइल टी पीने से 15 मिनट पहले लोग सोने लगते हैं और रात को नींद भी कम खुलती है।

### कीवी

कीवी लो कैलोरी फ्रूट है, जिसे वजन कम करने के लिए खाना लोग पसंद करते हैं। इसके साथ ही ये काफी न्यूट्रिशस भी होता है। फोलेट, पोटैशियम के साथ ही कीवी डाइजेशन मजबूत करने में मदद करता है। रोजाना सोने से पहले कीवी खाना फायदेमंद होता है। स्टडी में पता चला है सोने के एक घंटा पहले कीवी खाने से वो आम लोगों की तुलना में जो कीवी नहीं खाते उनसे 42 प्रतिशत पहले जल्दी सो जाते हैं। कीवी में सेरोटोनिन और एंटीऑक्सीडेंट होता है जो स्लीप क्वालिटी को सही रखने में मदद करता है।

# भूलकर भी पानी पीते समय न करें यह गलतियां, सेहत को उठाना पड़ेगा बड़ा नुकसान

आयुर्वेद के अनुसार, व्यक्ति को सेहतमंद बने रहने के लिए खाने-पीने से जुड़े कुछ नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। ऐसा ही एक नियम पानी पीने का भी है। आप सोच रहे होंगे भला पानी पीने के लिए कौन से नियम की जरूरत होती है। तो आपको बता दें, शरीर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पानी का बना हुआ है। ऐसे में अगर आप पानी सही मात्रा और तरीके से नहीं पीते हैं तो आपके शरीर की कई सारी गतिविधियां रुक सकती हैं और आप बीमार पड़ सकते हैं।

### खड़े होकर पानी पीना

आपने अपने आसपास कई ऐसे लोगों को देखा होगा, जिन्हें खड़े होकर पानी पीने की आदत होती है। हो सकता है आप भी ऐसा करते हों। लेकिन क्या आप जानते हैं सेहत के लिहाज से आपका ऐसा करना सही नहीं है। खड़े होकर पानी पीने की आदत शरीर के फ्लुइड बैलेंस को बिगाड़कर अपच की दिक्कत पैदा कर सकती है। बेहतर होगा पानी पीते समय आप आराम से बैठकर छोटे-छोटे सिप लेकर पानी पिएं।

### प्यास लगने पर ही पिएं पानी

अगर कम पानी पीना गलत है तो जरूरत से ज्यादा पानी पीना भी सेहत के लिहाज से सही नहीं है। बिना प्यास महसूस किए पानी पीने से व्यक्ति को ओवरहाइड्रेशन और वॉटर इनॉक्सिकेशन की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं जरूरत से ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम का लेवल भी कम हो सकता है।

### ठंडा पानी

गर्मियों में ठंडा पानी भले ही आपको ताजगी महसूस करवाता हो, लेकिन वास्तव में यह आपके पाचन में बाधा उत्पन्न करके मांसपेशियों में ऐंठन का कारण भी बन सकता है। इस समस्या से बचने के लिए हमेशा कमरे के तापमान या गुनगुने पानी को ही पिएं।



### जल्दी-जल्दी पानी पीना

जल्दी-जल्दी पानी पीने से आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को अपच और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा जल्दी पानी पीने से किडनी और मूत्राशय पर भी बुरा असर पड़ता है। इस समस्या से बचने के लिए हमेशा थोड़ा-थोड़ा घूंट करके पानी पीना चाहिए।

### भोजन करते समय पानी पीना

अगर आप खाना खाते समय पानी का सेवन करते रहते हैं तो इसकी वजह से पेट में एसिड पतला हो जाता है, जिससे खाना पचाने में दिक्कत होने लगती है। एक्सपर्ट का कहना है कि ऐसा करने से डाइजेशन प्रोसेस पर भी बुरा असर पड़ता है।

# पुस्तकालयों का हो रहा सुदृढ़ीकरण, नवांकुरों को पुस्तकों से जोड़ने के सशक्त प्रयास

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की युवा हितैषी नीतियां विकसित राजस्थान का आधार बन रही हैं। प्रदेश सरकार की युवा संबल नीतियों को आगे बढ़ाते हुए चूरू जिले में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कलक्टर के निर्देशन में राजकीय विद्यालयों में शिक्षण सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। 16 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित, आधुनिक शिक्षण को बढ़ावा डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी 16 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के माध्यम से डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई है। इन डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित अध्ययन सामग्री तक आसान पहुंच उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और ज्ञानवर्धन को नई दिशा मिल रही है।

इसी क्रम में सत्र 2025-26 के दौरान जिले के 16 पीएमश्री विद्यालयों को समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत पुस्तकालय अनुदान उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक विद्यालय को 20 हजार रुपये की दर से कुल 3.20 लाख रुपये की राशि पुस्तक क्रय हेतु हस्तांतरित की गई है, जिससे विद्यालयी पुस्तकालयों को और अधिक समृद्ध बनाया जा सके। इसी कड़ी में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त के निर्देशन में सत्र 2025-26 के लिए जिले के सभी राजकीय विद्यालयों हेतु 73 प्रकाशकों की विभिन्न विषयों की पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई हैं। ब्लॉक स्तर पर प्राप्त पुस्तकों का वितरण संबंधित विद्यालयों में किया जा चुका है। जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 में लाइब्रेरी हेतु पुस्तकें पहुंचाई गई है, जिनमें 380 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 13 लाख रुपये से अधिकए 471 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 32.239 लाख रुपये से अधिक तथा 592 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 101.30 लाख रुपये से अधिक जनरल एंट्री राशि की पुस्तकें पहुंचाकर पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण किया गया है।

### पुस्तक संवाद जैसी अभिनव पहल से विद्यार्थियों में बढ़ रही पठन संस्कृति

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण एवं नवांकुरों को पुस्तकों से जोड़ने के सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप राजकीय विद्यालयों में पुस्तक संसाधनों का विस्तार होने के साथ-साथ विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने के लिए नवाचार आधारित गतिविधियों का भी सफल संचालन किया जा रहा है।



जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अभिनव पहल श्पुस्तक संवाद से विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित हो रही है। इस पहल के तहत शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को घर ले जाकर पढ़ने के लिए पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं। अवकाश उपरांत विद्यार्थियों से पुस्तक समीक्षा लिखवाई जाती है तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन ब्लॉक स्तर पर किया जाता है। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला कलक्टर आवास पर आयोजित पुस्तक संवाद कार्यक्रम में सम्मानित किया जाता है। यह कार्यक्रम अब तक छह बार सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है और विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए इसकी निरंतरता बनाए रखी गई है। जिला प्रशासन का मानना है कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, कल्पनाशीलता और व्यक्तित्व विकास के केंद्र हैं। इसी सोच के साथ जिले में पुस्तकालयों को सशक्त बनाने तथा नई पीढ़ी को पुस्तकों से जोड़ने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## मामूली झगड़े में नाबालिग बच्चे की हत्या करने वाले तीन नाबालिग निरुद्ध

### 150 लोगों से पूछताछ व 200 सीसीटीवी खंगाले

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के मुहाना थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्चे की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामूली विवाद और बहन को लेकर की गई टिप्पणी के कारण आरोपित नाबालिगों ने बच्चे की हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 25 जून को केश्यावाला गांव स्थित पानी की टंकी के पास नाले में एक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली थी। शव की स्थिति अत्यंत खराब थी तथा उसका सिर धड़ से अलग मिला था। जांच में सामने आया कि मृतक बालक 14 जून से लापता था और उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले से दर्ज थी। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित कुमार शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर हेमेंद्र शर्मा के निर्देशन में मुहाना थानाधिकारी लखन खटाना के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाने के साथ करीब 150 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया।

जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। जिसके आधार पर तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया गया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपी एक ही कॉलोनी में रहते थे तथा एक-दूसरे को जानते थे। कुछ दिन पहले दोनों पक्षों के बीच मामूली झगड़ा हुआ था। आरोप है कि मृतक ने एक आरोपी की बहन के बारे में टिप्पणी की थी, जिससे नाराज होकर तीनों नाबालिगों ने हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद शव को नाले के किनारे फेंक दिया गया था। लंबे समय तक शव पड़े रहने और सड़न बढ़ने के कारण उसका सिर और धड़ अलग हो गए थे। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है तथा तीनों नाबालिगों के खिलाफविधि अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

## दुपहिया वाह चुराने वाले अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस और जिला विशेष टीम डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के सरगना सहित तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें 9 बाइक चालू हालत में मिली, जबकि 2 मोटरसाइकिलों के खुले हुए पार्ट्स भी बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते राकेश मीणा 24 निवासी सूरवाल सवाई माधोपुर हाल लूनियावास जयपुर, हरिसिंह मीणा 23 निवासी नौरंगवाड़ा, जिला दौसा और फूल सिंह प्रजापत 19 निवासी नौरंगवाड़ा जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है । पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे महंगे शौक और मौज.मस्ती के लिए बाइक चोरी करते थे। पहले शहर के विभिन्न इलाकों में रेकी कर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते, फिर चोरी के बाद उन्हें सुनसान स्थानों या खंडहरों में छिपा देते थे। बाद में ग्राहकों की मांग के अनुसार उन्हें बेच देते थे। आरोपियों ने जवाहर सर्किल, बजाज नगर, शास्त्री नगर, शिप्रापथ और रामगंज थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य वारदातों और गिरोह के नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। इस कार्रवाई में थानाधिकारी महेश चन्द्र, डीएसटी के उपनिरीक्षक बन्नालाल, हेड कांस्टेबल श्याम लाल और प्रभु दयाल, कांस्टेबल नीरज, जवाहर सर्किल थाने के कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह तथा डीएसटी के कांस्टेबल देवेंद्र और हेमंत की विशेष भूमिका रही।

## नोखा में पल्स पोलियो महाअभियान शुरू : 30 टीमें गठित, दूसरे-तीसरे दिन घर-घर जाकर पिलाएंगे खुराक



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा जिला अस्पताल में रविवार को पल्स पोलियो महाअभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। डॉ. अर्जुन कुमावत और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर नर्सिंग ऑफिसर आशु सिंह, सुशीला, संगीता, मांगीलाल, भेराराम और नाथूराम सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। अभियान के पहले दिन शहर के विभिन्न बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अभियान के दूसरे और तीसरे दिन टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी जो बूथ तक नहीं पहुंच पाए। नोखा शहर में मोबाइल टीमों सहित कुल 30 टीमें इस अभियान में शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। इसका उद्देश्य श्कोई बच्चा नहीं छूटे के लक्ष्य को सफ्ल बनाना है। पोलियो से बचाव के लिए नियमित खुराक पिलाना महत्वपूर्ण है।

## काव्य गोष्ठी में गूंजा प्रतापी शौर्य एवं हल्दीघाटी की वीभत्स वेदना

### श्रेष्ठ काव्य पाठ के लिए किया सम्मानित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के रोटरी भवन में रविवार शाम सम्पन्न हुई काव्य गोष्ठी में महाराणा प्रताप के शौर्य एवं हल्दी घाटी पर एक से एक बेहतरीन कविता पाठ हुए। वरिष्ठ साहित्यकार मानसिंह मऊ की अध्यक्षता में आयोजित काव्य गोष्ठी में राजस्थानी इतिहास कार ताराचंद मीणा चीता व वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी कवयित्री डॉ. नीरू पारीक व डॉ माधोसिंह बतौरअतिथि मंच पर उपस्थित रहें। गजानंद सोनी के द्वारा गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में अलका शर्मा ने महाराणा और चेतक, डॉ नीरू पारीक ने मत समझो इनै माटी है वीरा री हल्दी घाटी है, साँवर कुमावत ने बो महाराणा प्रताप हो, शान्ति लाल सोनी ने महाराणा ओ महाराणा व सड़क सुरक्षा पर सुन्दर दोहे प्रस्तुत किये। ताराचंद मीणा ने राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर जारी संघर्ष व वर्तमान स्थिति को पटल पर रखा। डॉ माधव सिंह ने संस्था के द्वारा साहित्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। मानसिंह शेखावत मऊ ने अध्यक्षीय उद्बोधन में ये धरती है उन वीरों कीण्कविता में हल्दीघाटी युद्ध का चित्रण किया। समापन से पूर्व श्रेष्ठ कविता के लिए शान्ति लाल सोनी को सम्मानित किया गया।

## शहीद इंद्र सिंह स्मारक पर स्वच्छता मिशन प्रभारी कमल कांत शर्मा का भव्य अभिनंदन : शहीदों को किया नमन



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** हाल ही में भारत स्वच्छता मिशन के प्रभारी के रूप में नियुक्त हुए भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शहीद इंद्रसिंह स्मारक पर रखा गया, जहाँ स्थानीय लोगों और समर्थकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कमल कांत शर्मा ने सर्वप्रथम शहीद इंद्रसिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि देश के वीर शहीदों का बलिदान ही हमें राष्ट्र सेवा और स्वच्छता जैसे पवित्र कार्यों के लिए प्रेरित करता है। शहीद को नमन करने के उपरांत, शहीद परिवारजन और उपस्थित लोगों द्वारा कमल कांत शर्मा को पारंपरिक सफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने उनके द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कमल कांत शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और स्वच्छता मिशन को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि झुंझुनू को स्वच्छ और सुंदर बनाना ही उनकी प्राथमिकता है और इस कार्य में वे प्रत्येक नागरिक का सहयोग चाहते हैं। इस मौके पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शहीद स्मारक परिसर में पौधारोपण भी किया गया । इस अवसर पर शहीद इंद्र सिंह पुत्र दलीप सैनी, चंचल सैनी इस्लामपुर, शहीद के भाई बजरंग लाल सैनी, मनीराम सैनी, बुधराम सैनी नंदू, दलीप सैनी बगड़, महिपाल सैनी बड़ागाँव, ओमप्रकाश शर्मा पत्रकार, अनिल सैनी, प्रशांत सैनी, पप्पू सैनी, कार्तिक सैनी, पिंटू सैनी, सलमानखान, कुलदीप कुमार, राहुल कस्वा, विक्रम सैनी, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में बस्तीवासी उपस्थित रहे।

## नशे के लिए मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के खोह-नागोरियान थाना क्षेत्र में नशे की लत ने एक परिवार को उजाड़ दिया। नशे के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक युवक ने अपनी ही मां की सिर दीवार पर पटक कर और चेहरे पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद फरार हुए आरोपी बेटे को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम रंजीता शर्मा ने बताया कि शनिवार को खोह-नागोरियान थाना क्षेत्र में 55 वर्षीय पन्नी देवी की हत्या की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह आरोपी बेटे अनिल बैरवा 27 पुत्र हजारीलाल बैरवा, निवासी जैतपुर, गंगापुर सिटी को खोह-नागोरियान क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वारदात के बाद मोबाइल स्विच ऑफकर फरार हो गया था। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अनिल नशे का आदी है। शनिवार दोपहर उसके भाई मजदूरी पर गए हुए थे। इसी दौरान वह घर पहुंचा और मां पन्नी देवी से नशा करने के लिए रुपए मांगे। मां द्वारा रुपए देने से इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आरोपी ने पहले मां का सिर पकड़कर दीवार पर दे मारा। इसके बाद जमीन पर गिरने पर चाकू उठाकर उनके चेहरे पर कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल पन्नी देवी किसी तरह कमरे के बाहर तक पहुंचीं, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। इधर महिला का शव घर के बाहर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

पुलिस ने आरोपी अनिल बैरवा को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वारदात के समय आरोपी किस प्रकार के नशे के प्रभाव में था तथा उसके खिलाफपूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं। हत्या में प्रयुक्त चाकू सहित अन्य साक्ष्यों को भी जब्त कर मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में जयपुर में पहले दिन करीब 1.95 लाख बच्चों ने पी दो बूंद जिंदगी की



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिले में रविवार से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान के पहले दिन जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय क्षेत्र के हजारों पोलियो बूथों पर अभिभावकों ने उत्साह के साथ अपने नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई। अब 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी। जयपुर द्वितीय के उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि जिले में 2647 बूथों एवं अन्य स्थलों पर नवजात से पांच वर्ष तक के 1 लाख 94 हजार 704 बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन पिलाई गई। इस क्षेत्र में कुल 4 लाख 26 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आरसीएचओ डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अभियान के लिए 14,546 वैक्सीनेटर, 816 सुपरवाइजर, 153 ट्रांजिट टीमें और 635 मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। कुल 15,362 कार्मिक अभियान में सेवाएं दे रहे हैं, जो अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर वंचित बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। वहीं जयपुर प्रथम के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के सभी पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को खुराक पिलाई गई। अब 29 और 30 जून को विभाग की मोबाइल टीमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। आरसीएचओ डॉ. आशा मीणा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए वैक्सीनेटर, सुपरवाइजर और मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी कारणवश उनका बच्चा पहले दिन पोलियो की खुराक नहीं ले पाया है, तो आगामी दो दिनों में घर आने वाली स्वास्थ्य टीमों को सहयोग करें और प्रत्येक बच्चे को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं।

## टमकोर में मन की बात का सामूहिक श्रवण व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री महेंद्र चंदवा का किया अभिनंदन

निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** मंडावा विधानसभा क्षेत्र की टमकोर ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 12 पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, जनभागीदारी एवं सेवा से जुड़े प्रेरणादायी विचारों को सुना। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश मंत्री महेंद्र चंदवा बनाए जाने पर



टमकोर के सर्व समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में महेंद्र चंदवा ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत सम्मान नही, बल्कि क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता एवं आमजन के विश्वास का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, गांव के विकास, सामाजिक समरसता तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाजपा मंडल महामंत्री सम्पत जांगिड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि एवं बूथ अध्यक्ष विजय जांगिड़, बूथ अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा एवं बूथ अध्यक्ष सुरेश स्वामी की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर हेमराज कुमावत, तुलसीराम कुमावत, पूर्णाराम, कृष्ण कुमार पंच, कमलेश दायमा पंच, करणी सिंह शेखावत, महावीर शर्मा, चौथमल जांगिड़, हरिराम, कुसलाराम, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, विकास शर्मा, श्रवण कुमावत, मोहर सिंह, भवानी, अजित, शीशराम सहारण, बाबूलाल, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान : डीबी अस्पताल में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान के तहत रविवार को चूरू के राजकीय डीबी अस्पताल स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ के निर्देशन में आयोजित अभियान के दौरान आरसीएचओ डॉ. शशांक चौधरी ने नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभिभावकों से प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी बच्चों तक इस जीवनरक्षक खुराक का पहुंचना आवश्यक है। अभियान के तहत जिले के सभी राजकीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पीएचसी पर चिकित्सा टीमों ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर-घर जाकर भी छूटे हुए बच्चों को खुराक पिलाने की व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

# आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने के क्या कारण होते हैं? ऐसे करें आप इलाज



शरीर के अन्य हिस्सों की तरह आंखों को भी विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। लेकिन आज के समय में कई कारणों से लोगों में आंखों से रोशनी से जुड़ी कई समस्या तेजी से बढ़ने लगी है। आंखों की रोशनी कम होने के कारण में डाइट में पोषक तत्वों की कमी भी एक बड़ा कारण मानी जा सकती है। कुछ लोगों को रोशनी तेजी से जाती है, तो कुछ लोगों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। इन दोनों ही स्थितियों के कारण अलग-अलग हो सकते हैं।

### उम्र के साथ मस्कुलर डिजनरेशन (एएमडी)

उम्र बढ़ने के साथ कुछ लोगों की आंखों की रोशनी भी कम हो जाती है। यह समस्या तब होती है, जब रेटिना के हिस्से मैक्युला में समय के लिए क्षति होने लगती है।

### मोतियाबिंद

मोतियाबिंद में व्यक्ति की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है। इसमें व्यक्ति की आंखों पर एक सफेद परत बनने लगती है। जिससे दिखाई देने में समस्या होने लगती है।

### ग्लूकोमा

ग्लूकोमा नेत्र से संबंधित रोग है, जो ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से मरीज की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

### डायबिटिक रेटिनोपैथी

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या होती है, उनको डायबिटिक रेटिनोपैथी होने का खतरा अधिक होता है। यह स्थिति रेटिना की ब्लड वेसल को नुकसान के कारण होती है। इस रोग के बढ़ने पर व्यक्ति की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

### रेटिनल डिटैचमेंट

रेटिनल डिटैचमेंट तब होता है जब रेटिना के अंदर के टिशू डैमेज होने लगते हैं। यह समस्या आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने का कारण बनती है।

### आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने का इलाज

आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होने के कारण के आधार पर उसका इलाज किया जाता है। सबसे पहले डॉक्टर मरीज की स्थिति की जांच करते हैं। इसके बाद यदि आंखों की समस्या शुरूआती दौर में है, तो मरीज को नजर का चश्मा लगाने और कुछ दवाओं का सेवन करने की सलाह दी जा सकती है। लेकिन, अगर आंख में किसी गंभीर कारण जैसे मोतियाबिंद आदि की वजह से आंखों की रोशनी कम हो रही है, तो इस स्थिति में सर्जरी के विकल्प को चुना जा सकता है।

### आंखों का बचाव कैसे करें?

- साल में दो बार आंखों की जांच अवश्य कराएं। इससे रोग की पहचान समय रहते की जा सकती हैं।
- डाइट में पौष्टिक चीजों को शामिल करें।
- डायबिटीज को कंट्रोल में रखें।
- सूर्य की यूवी किरणों से आंखों को बचाएं। बाहर जाते समय आंखों पर चश्मा लगाएं।
- कंप्यूटर या टीवी देखते समय उचित दूरी बनाकर रखें। साथ ही, कंप्यूटर पर घंटों काम करना हो, तो ऐसे में एंटी ग्लेयर चश्में का उपयोग करें।

## लंबी उम्र के लिए रोज करें ये योगासन हमेशा रहेंगे फिट और हेल्दी

अगर आप मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना चाहते हैं, लंबी उम्र पाना चाहते हैं, तो योग करना एक बेस्ट प्रैक्टिस है। योग करने से मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत बनती हैं। योग शरीर के आंतरिक अंगों को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है, जिससे आप जल्दी से बीमार नहीं पड़ते हैं। इतना ही नहीं, योग की प्रैक्टिस करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव दूर होता है। योग करने से हृदय, किडनी, लिवर और कैंसर जैसी गंभीर रोगों से बचाव हो सकता है। यानी अगर आप रोजाना योग करेंगे, तो पूरी तरह से फिट और हेल्दी रह सकते हैं, जिससे लंबी उम्र तक जिया जा सकता है। वैसे तो आप अपनी शारीरिक स्थिति के अनुसार कोई भी योग कर सकते हैं।



### कपोतासन

लंबी उम्र तक फिट और हेल्दी रहने के लिए आप रोजाना कपोतासन का अभ्यास कर सकते हैं। कपोतासन करने से मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत बनती हैं। इस आसन को करने से पीठ और कूल्हे के निचले हिस्सों को मजबूती मिलती है।

### कपोतासन की विधि

- इस आसन को करने के लिए उष्ट्रासन में बैठ जाएं।
- अब गहरी सांस लें। अपने हाथों को पीछे की तरफ से पंजों पर रखें।
- इसके बाद गर्दन को पीछे की तरफ झुकाएं। धीरे-धीरे कमर को भी पीछे की तरफ ले जाएं।
- अगर आपके हाथ पंजों तक नहीं पहुंच रहे हैं, तो आप जमीन पर भी रख सकते हैं।
- इस अवस्था में कुछ देर रुकें। फिर धीरे-धीरे पहली वाली स्थिति में आ जाएं।

### पार्श्वकोणासन

लंबी उम्र के लिए आप पार्श्वकोणासन कर सकते हैं। रोजाना इस आसन को करने से आपका शरीर और मन शांत होगा। इससे आपको एनर्जी और ताकत मिलेगी। यह आसन वजन और फैट को कम करने में भी मददगार है। इस आसन की रेगुलर प्रैक्टिस से हार्ट हेल्थ में सुधार होगा। पार्श्वकोणासन करने से पाचन ठीक रहता है। शुरुआत में इस आसन को करना थोड़ा मुश्किल लग सकता है, लेकिन रेगुलर प्रैक्टिस से आसानी हो सकती है।

### पार्श्वकोणासन करने का तरीका

- इस आसन को करने के लिए ताड़ासन में आएं।
- गहरी सांस लें। इस दौरान अपने पैरों के बीच एक मीटर की दूरी बनाकर रखें।
- अब हाथों को ऊपर उठाते हुए कंधों तक ले जाएं।
- अपने दाएं पैर को घुटने से मोड़ते हुए 90 डिग्री तक घुमाएं। जांघ और पिंडली के बीच समकोण बनेगा। आपकी दाईं जांघ जमीन के समांतर होना चाहिए।
- बाएं पैर को बाहर की तरफ फैलाते हुए 60 डिग्री तक ले जाएं।
- अब सांस छोड़ें। दाएं हाथों को दाएं पैर के साथ में जमीन पर रखें। बाएं हाथ को सिर से ऊपर ले जाएं।

### अधोमुख श्वानासन

लंबी उम्र तक जीने के लिए आपको अधोमुख श्वानासन की रोजाना प्रैक्टिस करनी चाहिए। इस आसन को करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, पेट की निचली मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और पाचन तंत्र में सुधार होता है। इतना ही नहीं, अधोमुख श्वानासन मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करता है।

### अधोमुख श्वानासन की विधि

- इस आसन को करने के लिए एकदम सीधे खड़े हो जाएं।
- अब दोनों हाथों को जमीन पर लगाने के लिए कमर से नीचे को झुकें।
- झुकते समय आपके घुटने मुड़ने नहीं चाहिए।
- इस आसन को करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर रहेगा, जिससे आप ताउम्र हेल्दी रह सकते हैं और लंबी उम्र पा सकते हैं।

### वृक्षासन

लंबी उम्र के लिए आप वृक्षासन कर सकते हैं। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी, पैरों की मसल्स और लिगामेंट्स मजबूत बनते हैं। वृक्षासन शरीर में स्थिरता और संतुलन बनाने में भी मदद करता है। नियमित रूप से वृक्षासन करने से साइटिका के दर्द में आराम मिल सकता है।

### वृक्षासन की विधि

- वृक्षासन करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं।
- अपने हाथों को ऊपर ले जाएं। हथेलियों को आपस में जोड़कर नमस्ते की अवस्था में आ जाएं।
- इसके बाद दाएं पैर को उठाएं, घुटने से मोड़ते हुए तलवे को बाईं जांघ पर रखें।

# डैमेज बालों को रिपेयर कैसे करें? ये उपाय जिनसे रूखे बाल बनेंगे मुलायम-चमकदार



हर कोई मुलायम, कोमल और चमकदार बाल चाहता है। लेकिन खराब पानी, प्रदूषण और बालों की सही देखभाल न करने की वजह से अकसर बाल डैमेज और रूखे होने लगते हैं। डैमेज बाल आपकी खूबसूरती को कम कर सकते हैं। साथ ही, डैमेज बालों की वजह से लुक भी खराब नजर आने लगता है। ऐसे में अधिकतर लोग अपने बालों को मुलायम और खूबसूरत बनाने के लिए केराटीन या स्पा ट्रीटमेंट लेते हैं। लेकिन सभी तरह के हेयर ट्रीटमेंट काफी महंगे होते हैं। इसलिए हर व्यक्ति इतना खर्चा नहीं कर सकता है।

### बालों को रोजाना धोने से बचें

रोजाना बालों को धोने से बाल डैमेज और बेजान हो सकते हैं। इसलिए अगर आपके बाल पहले से ही डैमेज हैं, तो आपको बालों को रोजाना धोने से बचना चाहिए। रोजाना बाल धोने से सीबम हटने लगता है। आपको बता दें कि सीबम नैचुरल ऑयल होता है, जो बालों में नमी बनाए रखता है। सीबम बालों को मुलायम और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना बालों को धोएंगे, तो इससे सीबम कम होने लगेगा। इससे बाल रूखे, डैमेज और बेजान होने लगेंगे। बालों को डैमेज होने से बचाने के लिए या फिर डैमेज बालों को रिपेयर करने के लिए आपको बालों को रोजाना धोने से बचना चाहिए।

### बालों की ऑयलिंग करें

जिस तरह से शरीर की मालिश करनी जरूरी होती है। उसी तरह बालों की ऑयलिंग करनी भी बेहद जरूरी होती है। बालों की ऑयलिंग करने से डैमेज बालों को रिपेयर करने में मदद मिल सकती है। दरअसल, हेयर ऑयलिंग से बाल मॉइश्चराइज होते हैं और बालों की खूबसूरती बढ़ती है। हेयर ऑयलिंग के लिए आप ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल या फिर आल्मंड ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप कोई भी तेल लें और हल्का गुनगुना कर लें। अब इस तेल से अपने बालों और स्कैल्प की अच्छी तरह से मालिश करें। एक से दो घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे स्कैल्प और बालों में नमी बनी रहेगी और डैमेज बालों से छुटकारा मिलेगा।

### एसेंशियल ऑयल का यूज करें

डैमेज बालों को रिपेयर करने के लिए आप एसेंशियल ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एसेंशियल ऑयल न सिर्फ त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं, बल्कि बालों से जुड़ी समस्याओं को भी दूर कर सकता है। एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करने से बाल मुलायम, कोमल और खूबसूरत बन सकते हैं। इसके लिए आप पेपरमिंट ऑयल या लैवेंडर ऑयल का यूज कर सकते हैं। लेकिन इन तेलों में नारियल का तेल जरूर मिलाएं। इससे रूखे और बेजान बालों से छुटकारा मिलेगा। साथ ही, बालों का झड़ना और टूटना भी रुकेगा।

### बालों को नैचुरल तरीके से सुखाएं

जो लोग बालों को सुखाने के लिए ड्रायर आदि का इस्तेमाल करते हैं, अक्सर उनके बाल ज्यादा डैमेज होते हैं। अगर आपके बाल डैमेज और बेजान हैं, तो आपको अपने बालों को नैचुरल तरीके से ही सुखाने की कोशिश करनी चाहिए। आपको बालों को सुखाने के लिए ड्रायर आदि का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। साथ ही बालों को स्ट्रेट करने से भी बचना चाहिए।

### एवोकाडो और अंडा हेयर मास्क लगाएं



डैमेज बालों को रिपेयर करने के लिए आप एवोकाडो और अंडा हेयर मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं। आपको बता दें कि एवोकाडो डैमेज बालों को ठीक करने में काफी असरदार साबित होता है। इतना ही नहीं, अंडे में मौजूद प्रोटीन भी बालों को पोषण प्रदान करता है। एवोकाडो और अंडा हेयर मास्क से बालों को पर्याप्त प्रोटीन और विटामिन्स मिलते हैं। इससे डैमेज बालों की मरम्मत होती है। इसके लिए आप एवोकाडो और अंडा को मिक्स करके पेस्ट बना लें। अब इसे अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगाएं। आधे से एक घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 1-2 बार एवोकाडो और अंडा हेयर मास्क लगाने से बाल मुलायम और चमकदार बनेंगे।

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है अजवाइन के पत्तों का जूस, इस तरह करें सेवन



हमारे किचन में कई ऐसे मसाले मौजूद होते हैं। जो कोल्ड या कफ की समस्या हो या पेट में दर्द या फिर त्वचा को ग्लोइंग बनाने के काम आते हैं। यह नुस्खे सदियों से आजमाए जा रहे हैं। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको एक ऐसे ही घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल में आपको कई तरह के फायदे होंगे। हम आपको अजवाइन के पत्तों के जूस के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। अजवाइन के पत्ते को इंडियन बेरीज भी कहा जाता है। बता दें कि अजवाइन के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन, फैट, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। इसके सेवन से आपको शरीर को डिटॉक्स, डाइजेशन को दुरुस्त, अर्थराइटिस के दर्द को कम, स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता से राहत मिलती है। ऐसे में अगर आपके घर पर भी छोटे बच्चे हैं तो आपको अपने गार्डन में इस आयुर्वेदिक पौधे के जरूर लगाना चाहिए। अजवाइन के पत्तों का जूस बच्चों के सर्दी-खांसी और सांस आदि से जुड़ी समस्याओं में काफी फायदेमंद होता है।

**कोल्ड एंड कफ :** अगर आपके बच्चे को भी सर्दी-खांसी और जुकाम आदि हो गया है तो अजवाइन की ताजी पत्तियों को तोड़कर उसके रस को निचोड़ लें। इस जूस को सिर और चेस्ट पर लगाएं। यह चेस्ट और बंद नाक को खोलने, गले के इंफेक्शन, कफ को ढीला करना, खांसी को शांत करने आदि में राहत मिलती है।

**बुखार के लिए :** अजवाइन की पत्तियों के जूस का सेवन करने से बुखार को कम किया जा सकता है।

**ब्रेस्टमिल्क बढ़ाने में कारगर :** इस औषधीय पत्तियों के जूस में आयरन, प्रोटीन और विटामिन-सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। इसलिए यदि इसके जूस का सेवन किया जाए तो ब्रेस्टमिल्क को बढ़ाया जा सकता है।

**कीड़ा काटने पर :** कीड़े के काटने पर बी अजवाइन के पत्ते का जूस लगाया जाता है। क्योंकि यह एंटी-इंफ्लेमेटरी होता है। जिसके कारण जलन व खुजली की समस्या दूर होती है। साथ ही इंफेक्शन का खतरा भी नहीं रहता है। मामूली चोट और खरोंच में यह काफी लाभकारी होता है।

**विटामिन्स :** अजवाइन के जूस में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। इसके सेवन से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। वहीं इसमें मौजूद कैरोटीनॉयड और विटामिन-ए आंखों के लिए फायदेमंद होता है।

**अर्थराइटिस का दर्द :** अजवाइन की पत्तियों में एंटी-इंफ्लेमेटरी पाया जाता है। जिससे दर्द और सूजन में फायदा मिलता है। अर्थराइटिस की समस्या होने पर अजवाइन की पत्तियों को पीसकर इसके रस को प्रभावित जगह पर लगाएं। साथ ही आप इस जूस का सेवन भी कर सकते हैं।

**इम्यून सिस्टम :** इसकी पत्तियां एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-वायरल होती हैं। जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। अजवाइन की पत्तियों में थाइमोल पाया जाता है। जो बैक्टीरियल इंफेक्शन को दूर रखने में मदद करता है।

**डाइजेस्टिव सिस्टम :** पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में अजवाइन के पत्तों का जूस बेहद कारगर है। इसके जूस के सेवन से आपको एसिडिटी, कब्ज और गैस की परेशानी से निजात मिलेगी।

# गर्मी में फ्लॉलेस स्किन पाने के लिए आजमाएं ये खास टिप्स

गर्मी का मौसम शुरू होते ही त्वचा संबंधी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। इसमें खासकर पसीना आना, खुजली होना, त्वचा में रैशेज हो जाना जैसी समस्याएं आम हैं। अगर आप अपनी स्किन की सही तरह से केयर करेंगे, तो न सिर्फ इस तरह की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं बल्कि फ्लॉलेस भी हो सकती हैं।

**चुनें सही सनस्क्रीन :** गर्मियों का मौसम आ चुका है। कुछ ही दिनों में लू के थपेड़े चलने शुरू हो जाएंगे और सूरज की रोशनी भी तेज हो जाएगी। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप अपनी स्किन का पूरा ख्याल रखें। घर से जब भी बाहर निकलें, अपने चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। सनस्क्रीन की मदद से स्किन खराब नहीं होती और स्किन टोन भी बेहतर होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि 15 या इससे ज्यादा एसपीएफ वाले सनस्क्रीन स्किन के लिए अच्छे होते हैं।

**मॉइस्चराइजर लगाएं :** आमतौर पर यह एक अवधारणा बनी हुई है कि सर्दियों के मौसम में ही स्किन को मॉइस्चराइजर की जरूरत होती है। जबकि ऐसा नहीं है। गर्मियों के मौसम में भी स्किन में नमी बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए चाहिए कि आप नियमित तौर पर अपनी स्किन पर मॉइस्चराइजर अप्लाई करें। वैसे भी गर्म हवाओं से सुरक्षा के लिए स्किन को मॉइस्चराइज करना जरूरी होता है।

**ऑयल फ्री स्किन प्रोडक्ट यूज करें :** गर्मियों के मौसम में पसीना आना आम बात है। ऐसे में अगर आप अपनी त्वचा पर ऑयल बेस्ड स्किन प्रोडक्ट का यूज करेंगे, तो इससे पसीने आने की फ्रीक्वेंसी बढ़ सकती हैं। इसके अलावा स्किन पर दाने या रैशेज जैसी समस्या भी हो सकती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए जरूरी है कि आप ऑयल फ्री प्रोडक्ट का यूज करें। इसी तरह, मेकअप के लिए भी आप ऑयल फ्री प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें।

**ऐलोवेरा जेल लगाएं :** अगर आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें अक्सर धूप में से घर निकलना पड़ता है, तो अपनी स्किन केयर के लिए एलोवेरा जेल का उपयोग करें। इससे स्किन में ठंडक बनी रहेगी और आपकी त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान भी नहीं होंगे। वैसे भी एलोवेरा जेल स्किन के लिए बहुत ही उपयोगी प्राकृतिक उत्पाद है। इसका इस्तेमाल हर तरह की स्किन टाइप की महिला या पुरुष कर सकते हैं।

## डार्क सर्कल्स कम करने के लिए इस तरह करें हल्दी और एलोवेरा का इस्तेमाल

आज के दौर में अधिकतर लोग ब्यूटी प्रोडक्ट्स का उपयोग करने लगे हैं। इन प्रोडक्ट्स में मौजूद कैमिकल की वजह से त्वचा पर कई तरह की समस्याएं होने लगती है। डार्क सर्कल्स इनमें से एक है। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स होना एक आम समस्या बनती जा रही है। दरअसल खानपान की गलत आदतें और पर्याप्त नींद न लेना, खून की कमी, रात में ज्यादा समय तक मोबाइल चलाना, एजिंग, डिहाइड्रेशन की वजह से भी आंखों के नीचे काले घेरे पड़ने की समस्या हो जाती है। इसके अलावा आज के समय में काम का प्रेशर भी डार्क सर्कल्स की एक बड़ी और मुख्य वजह माना जाता है। लेकिन कुछ घरेलू उपायों को अपनाने से आप डार्क सर्कल्स की समस्या को दूर कर सकते हैं। अगर काले घेरों को दूर न किया जाए तो ये आपकी खूबसूरती कम कर सकते हैं।



### हल्दी और एलोवेरा से डार्क सर्कल्स की समस्याएं में पाएं आराम

एलोवेरो और हल्दी से आप डार्क सर्कल्स को आसानी से दूर कर सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इस जेल में करीब एक चुटका हल्दी मिला दें। दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को रात को सोने से पहले आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों पर लगाएं। करीब 15 से 20 मिनट तक इसे लगा रहने दें, जब ये हल्का सूख जाए तो इसे नॉर्मल पानी से धो लें।

### हल्दी, एलोवेरा और दही करता है डार्क सर्कल्स को दूर

हल्दी, एलोवेरा और दही को एक साथ इस्तेमाल करने से आपको डार्क सर्कल्स की समस्या में आराम मिलता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप करीब दो चुटकी हल्दी ले लें। इसके अलावा एक चम्मच एलोवेरा का फ्रेश जेल और एक चम्मच दही लें। इन सभी को एक बाउल में मिला लें। इसके बाद इस पेस्ट को डार्क सर्कल्स पर अप्लाई करें। पेस्ट को करीब 20 से 30 मिनट तक लगा रहने दें। जब ये सूखने लगे तो साफ पानी से चेहरा धो लें। कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखने लगेगा।

### हल्दी, ऐलोवेरा और नींबू से डार्क सर्कल्स होंगे कम

यदि आप डार्क सर्कल्स को तेजी दूर करना चाहते हैं, तो आप हल्दी, ऐलोवेरा और नींबू के पेस्ट का उपयोग कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसके बाद आप एक चुटकी हल्दी और एक नींबू का रस ले लें। इन सभी को एक बाउल में मिला लें। इसके मिश्रण को आप डार्क सर्कल्स पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा का रंग हल्का होने लगता है।

# मूल अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने वाला दस हजार का इनामी डमी अभ्यर्थी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में एसओजी ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में मूल अभ्यर्थी की जगह बैठकर परीक्षा देने वाले दस हजार के इनामी डमी अभ्यर्थी चंद्रभान यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्तमान में जयपुर स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान में बीएएमएस प्रथम वर्ष का छात्र है। मामले में मूल अभ्यर्थी अनिल कुमार मीणा को एसओजी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक शिक्षा द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत 24 दिसंबर 2022 को विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई थी। जांच में सामने आया कि करौली जिले के ग्राम काचरोदा निवासी मूल अभ्यर्थी अनिल कुमार मीणा ने स्वयं परीक्षा नहीं दीए बल्कि उसकी जगह सीकर निवासी चंद्रभान यादव ने भरतपुर के आगरा-जयपुर बाईपास स्थित सरस्वती मॉडर्न सी.सै. स्कूल परीक्षा केंद्र पर बैठकर परीक्षा दी। एसओजी जांच में खुलासा हुआ कि डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने के लिए चंद्रभान यादव और मूल अभ्यर्थी के बीच एक लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। इस फर्जीवाड़े के दम पर अनिल कुमार मीणा परीक्षा उत्तीर्ण कर वरिष्ठ अध्यापक द्वितीय श्रेणी विज्ञान विषय के पद पर चयनित भी हो गया था। गिरफ्तार आरोपी चंद्रभान यादव 26 सीकर जिले के अजीतगढ़ थाना क्षेत्र स्थित चोपड़ा की ढाणी, किशोरपुरा का निवासी है। उसके खिलाफ, सओजी थाना जयपुर में दर्ज के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एसओजी अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

# भाजपा शहर मण्डल कार्यक्रताओ ने सुनी मोदी के मन की बात



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जून माह के अंतिम रविवार को भाजपा शहर मण्डल कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा की अगुवाई में शहर के बूथ संख्या 66 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना और देखा । भाजपा शहर मण्डल कार्यकर्ताओं ने स्थानीय दो नम्बर रोड स्थित कर्नल जे पी जानू शक्ति केंद्र के संयोजक विनोद जांगिड़ के प्रतिष्ठान पर लैपटॉप पर मोदी की मन की बात सुनी व देखी। इस अवसर पर आईटी संयोजक सौरभ सोनी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जानकारी दी और परीक्षा के माध्यम से डिजिटल लर्निंग प्रमाण पत्र बनवाए। मण्डल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने सभी बूथ अध्यक्षों एव मण्डल पदाधिकारीयों से आह्वाहन किया कि शहर मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न हो और परीक्षा के माध्यम से 6 जुलाई तक सभी डिजिटल लर्निंग प्रमाण पत्र प्राप्त करें। इस अवसर पर शहर महामंत्री ताराचंद सैनी, शक्तिकेन्द्र संयोजक विनोद जांगिड़, शक्ति केंद्र प्रभारी विजेंद्र हाटवाल, शहर मण्डल उपाध्यक्ष रामनिवास सैनी, सुनील मोरवाल, सुनील सैनी प्रधान, जयसिंह, राकेश सैनी, गोविंद सहित शक्तिकेंद्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# द यंग्स क्लब ऑफसुजानगढ़ द्वारा नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा गुवाहाटी प्रवासी सुजानगढ़ निवासी स्व नेमीचंद अमरावदेवी, स्व सरोज बगड़ा की स्मृति में कैलाशचंद, सुखमाल, संतोष बगड़ा सडू वाले के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी ललित सोनी ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 135 नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर 43 मोतिया बिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया गया। चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा किए जायेंगे। शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवा दी गई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर निहालचंद बगड़ा, संतोष कुमार, पुष्पादेवी सेठी, डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, बाबूलाल सेठी, बिमल पाटनी, खुशबू, महेंद्र बाकलीवाल, खेमचंद बगड़ा, विशाल जैन, सुरेश छाबड़ा, विनोद कुमार नवहाल तंवरा ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने शिविर विषयक जानकारी दी। शिविर को सफल बनाने में मुन्नालाल प्रजापत, बिमल भूतोडिया, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, ललित सोनी, गिरधर शर्मा, राजकुमार क्याल, रमन प्रजापत, सुशील भूतोडिया, अब्दुल लतीफ, मालचंद प्रजापत, गोपाल सोनी का सहयोग रहा।

# रेशु गुप्ता से मिलीं समाजसेवी मानसी सांखला आर्थिक सहयोग के साथ न्याय की उठाई मांग

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** वीआईपी मूवमेंट के दौरान गंभीर रूप से झुलसी मोमोज विक्रेता रेशु गुप्ता के समर्थन में समाजसेवी मानसी सांखला आगे आई हैं। रविवार को उन्होंने रेशु गुप्ता के घर पहुंचकर उनका हालचाल जाना, आर्थिक सहयोग प्रदान किया और पीड़िता को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग भी उठाई। मानसी सांखला ने कहा कि रेशु गुप्ता अपने परिवार का पालन-पोषण मोमोज का ठेला लगाकर करती हैं। वीआईपी मूवमेंट के दौरान हुई घटना में खौलता पानी गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गई, जिससे उनका जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और संवेदनशील घटना है। एक महिला होने के नाते वह रेशु का दर्द अच्छी तरह महसूस कर सकती हैं। किसी मेहनतकश महिला के साथ ऐसी घटना होना पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। रेशु गुप्ता से मुलाकात के दौरान मानसी सांखला भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि एक महिला का दर्द दूसरी महिला ही समझ सकती है। उन्होंने पीड़िता के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज का हर सक्षम व्यक्ति आगे आकर मदद करे, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक और मानसिक संबल मिल सके। इस अवसर पर मानसी सांखला और ऋषिकेश गुप्ता ने रेशु गुप्ता को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही परिवार को भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में भी हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मानसी सांखला ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वीआईपी मूवमेंट के दौरान आमजन की सुरक्षा और उनके रोजगार को प्रभावित किए बिना प्रभावी व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सुरक्षा प्रबंधन के दौरान आम लोगों को अनावश्यक नुकसान न उठाना पड़े। समाज के सभी वर्गों से उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की अपील भी की। रेशु गुप्ता के परिजनों ने इस कठिन समय में सहयोग और संवेदना व्यक्त करने के लिए मानसी सांखला का आभार जताया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी उनकी इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी का सकारात्मक उदाहरण बताया।

# विशेष ग्राम सभाओं का मंत्रालयिक कर्मचारियों ने किया बहिष्कार

निसं




**लाडनूं (नवयत्न)।** पंचायतीराज विभाग द्वारा विभाग में कार्यरत समस्त मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों को संवर्ग विशेष के प्रदेशाध्यक्ष की शह पर जलील करने व कथित जांच के नाम पर मंत्रालयिक संवर्ग की मांगों को उपेक्षित किए जाने के कारण संपूर्ण मंत्रालयिक संवर्ग आहत व आक्रोशित है जिसके चलते दिनांक 01.06.2026 से स्वाभिमान बचाओ आंदोलन के रूप में आंदोलन की राह पर है। परंतु राज्य सरकार द्वारा आज तक इनकी न्यायोचित मांगों पर किसी भी प्रकार का सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है तथा न ही मांगों के सम्बंध में वार्ता की पहल की गई है। इस कारण मांगों के संदर्भ में किसी भी प्रकार का सकारात्मक निर्णय न होने तक पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा ग्रामीण सेवा शिविर, विशेष ग्राम सभा एवं वीबीजी रामजी योजना के पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। इसके चलते ही आज 29 जून 2026 को आयोजित होने वाले विशेष ग्राम सभा का पूर्ण बहिष्कार सम्पूर्ण राजस्थान में किया जाने का निर्णय लिया है।

# लक्ष्य निर्धारण ही सफलता की पहली सीढ़ी, विद्यार्थी लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें : महर्षि



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ स्थानीय मैट्रिक्स कंप्यूटर सेंटर में राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित विद्यार्थियों के लिए प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद मैट्रिक्स कंप्यूटर सेंटर की ओर से मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार एवं साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह में 42 तथा मैट्रिक्स कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के 22 विद्यार्थियों सहित कुल 64 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा, जिस विद्यार्थी का लक्ष्य स्पष्ट होता है, उसकी मेहनत सही दिशा में होती है और वही अपने सपनों को साकार कर पाता है। महर्षि ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुकी है। कार्यक्रम में संस्थान की ओर से दातार सिंह, अजीत सिंह, सोहेल एवं बाबूलाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।






# बॉक्स क्रिकेट चैम्पियनशिप का आगाज, दो टीमें पहुंची अगले राउंड में

निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** स्व घनश्याम बिस्सा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बॉक्स क्रिकेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ स्थानीय किशन गार्डन में हुआ। आयोजक हर्षित बिस्सा ने बताया कि मैच के उद्घाटन बतौर अतिथि पधारे भाजपा उपाध्यक्ष दीपक पारीक, शिक्षाविद् रामजी व्यास, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष मोहन सुराणा व डॉ अनिकेत शर्मा ने बॉल खेलकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन की सीख देता है और ऐसे टूर्नामेंट ओर यादगार हो जाते है, जब स्वयं एक खिलाड़ी की स्मृति में किया जाता हो। आयोजक बिस्सा ने बताया कि प्रथम दिन चार मैच खेले गये। पहला मैच विकेट वॉरियर और गेम चेंजर की बीच हुआ। जिसमें विकेट वॉरियर्स ने 23 रन से जीत हासिल की। पहले खेलते हुए विकेट वॉरियर्स ने आठ ओवर में 81 रन बनाएं। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहित व्यास रहे। दूसरा मैच टर्फ मास्टर्स व बीकानेर रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मैच को बीकानेर रॉयल्स आठ रनों से जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विधुर रहे। तीसरे मैच में धुंरधर का मुकाबला बनिया सुपर से हुआ। इस मैच में भी पहले खेलने वाली टीम धुंरधर जीती। जिसने 12 रनों से मुकाबले को अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का खिताब मो सलमान को दिया गया। अंतिम मैच विकेट वारियर्स ऑर बीकानेर रॉयल्स के मध्य खेला गया। जिसमें बीकानेर रॉयल्स ने पांच विकेट से जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अरिहंत आंचलिया रहे। सभी मैचों में अम्पायर की भूमिका सुनील आचार्य व शशांक बोहरा ने निभाई। मैच की कॉमेन्ट्री देवेन्द्र पुरोहित ने की। आठ-आठ ओवर के मैचों की इस प्रतियोगिता में 16 टीमें अपना भा ग्य अजमा रही है। विजेता टीम को 11 हजार व उप विजेता टीम को 51 सौ रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैचएप्लेयर ऑफ द मैचएबेस्ट बॉलरएबेस्ट रन बनाने वाले को भी पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

# आपदा राहत एवं बचाव कार्य हेतु नियोजित रेस्क्यू टीम की व्यवस्थाओं का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

निसं




**तारानगर (नवयत्न)।** कमांडेट साहब के कार्यालय आदेश 425 दिनाँक 25 जून 2026 की पालना में आगामी मानसून सत्र 2026 के दौरान आपदा राहत एवं बचाव कार्य हेतु जिला चूरू में नियोजित रेस्क्यू टीम जी-03 के आवास, भोजन एवं ईंधन जैसे मूलभूत आवश्यकताओं के उचित प्रबंधन हेतु जग्गूराम सहायक कमांडेट, एसडीआरएफ, राजस्थान, जयपुर एवं राकेश कुमार कंपनी कमांडर एसडीआरएफ बीकानेर द्वारा टीम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक कमांडेट व कम्पनी कमांडर ने जवानों की संपर्क सभा लेकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा मानसून सत्र के दौरान रेस्क्यू ड्यूटी आने पर त्वरित रिस्पॉन्स करने, रेस्क्यू उपकरणों को चेक करने, सुरक्षा का ध्यान रखते हुए अन्य सहायक एजेंसियों के साथ अच्छा व्यवहार रखने के दिशा निर्देश दिए। सहायक कमांडेट व कम्पनी कमांडर ने बताया कि टीम के आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था रिजर्व पुलिस लाईन चूरू में की गई है एवं ईंधन की उपलब्धता आवश्यकता होने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा कर दी जायेगी। निरीक्षण के बाद उक्त व्यवस्थाओं के संबंध में श्रीमान को अवगत करवाया गया। इस मौके पर रेस्क्यू टीम के अनेक जवान मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री का 4 जुलाई को प्रस्तावित राजस्थान दौरा

# मुख्यमंत्री ने जोधपुर एयरपोर्ट पर नवीन टर्मिनल का किया निरीक्षण

### लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 4 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवीन टर्मिनल का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का निरीक्षण कर एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट, लॉबी, वीआईपी लाउंज सहित विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया।

जिला कलक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सुरक्षा, यातायात सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 जुलाई को जोधपुर को बड़ी सौगात देते हुए नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करेंगे।

# आज से दैनिक नव्यत्न में श्रीराम तिवाड़ी देंगे वित्तीय सुरक्षा और निवेश संबंधी उपयोगी जानकारी

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** आज से दैनिक नव्यत्न के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार श्रीराम तिवाड़ी अपने 27 वर्षों के अनुभव के आधार पर पाठकों के साथ वित्तीय सुरक्षा, बीमा एवं निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करेंगे। श्री तिवाड़ी पिछले 27 वर्षों से जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, जनरल बीमा, म्यूचुअल फंड, शेयर मार्केट तथा सिविल स्कोर जैसे विषयों पर कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य आमजन को सरल भाषा में ऐसी जानकारी उपलब्ध कराना हैए जिससे प्रत्येक परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित और भविष्य के प्रति जागरूक बन सके। इस विशेष साप्ताहिक नियमित श्रृंखला में पाठकों को जीवन बीमा और वित्तीय योजना से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा। प्रारंभिक लेखों में निम्न विषय शामिल रहेंगे।

- जीवन बीमा क्यों आवश्यक है।
- पर्याप्त जीवन बीमा की सही गणना कैसे करें।
- जीवन बीमा और बचत सेविंग के संयुक्त लाभ।
- 18 से 30 वर्ष की आयु में अधिक जोखिम कवर हाई रीस्क कवर वाला जीवन बीमा प्लान क्यों लेना चाहिए।
- स्वास्थ्य बीमा का महत्व।
- म्यूचुअल फंड एवं दीर्घकालीन निवेश की मूल बातें।
- अच्छा सिविल स्कोर कैसे बनाए रखें।
- परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए आवश्यक वित्तीय योजना।

श्री तिवाड़ी का मानना है कि सही समय पर लिया गया सही वित्तीय निर्णय भविष्य की सबसे बड़ी सुरक्षा बन सकता है। यदि कम उम्र में ही बीमा और निवेश की सही शुरुआत की जाए तो कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा के साथ बेहतर वित्तीय भविष्य बनाया जा सकता है। दैनिक नव्यत्न के माध्यम से प्रकाशित होने वाली यह श्रृंखला प्रत्येक आयु वर्ग के पाठकों के लिए उपयोगी होगी और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# सांसद सीपी जोशी बोले- राहुल गांधी फेल्योर स्टूडेंट

## वे जनता के सामने खुद को साबित नहीं कर पाए

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कांग्रेस पर नीट पेपर लीक मामले में देश के युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। भीलवाड़ा आए सांसद ने पार्टी के जिला ऑफिस में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा- राहुल गांधी एक फेलियर स्टूडेंट की तरह हैं, जो अपने आप को देश की जनता के सामने साबित नहीं कर पाए और यह बात उन्होंने खुद भी साबित कर दी है। सांसद जोशी ने राजस्थान के पिछले घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए जनता को कांग्रेस और भाजपा के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने कहा कि लोग दोनों पार्टियों के काम करने के तरीके को बखूबी समझते हैं। कांग्रेस के राज में राजस्थान में लगातार लगभग 19 बार पेपर लीक की घटनाएं हुईं। उन्होंने दावा किया कि जब कांग्रेस सरकार में पेपर लीक होते थे, तो राजीव गांधी स्टडी सर्कल से जुड़े कांग्रेस के बड़े नेता और सरकारी एजेंसी में पदस्थ उनके पदाधिकारी व सदस्य खुद उसमें शामिल होते थे। पेपर लीक माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त था।

# राजस्थान में तेज हवा, ओले और बारिश का खतरा

**जयपुर।** राजस्थान में 28 जून 2026 की शाम मौसम ने एक बार फिर करवट ली. कई जिलों में शाम के बाद आसमान में बादल छाए रहे और जगह-जगह हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक देखने को मिली. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है, जिसके चलते आने वाले दिनों में भी मौसम अस्थिर रहने की संभावना है.

मौसम विभाग ने चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, डीडवाना-कुचामन, अजमेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सलूम्बर, प्रतापगढ़, कोटा, झालावाड़, वारां, चित्तौड़गढ़, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, करौली, दौसा, अलवर, कोटपूतली बहरोड़, डीग, भरतपुर, धौलपुर, खैरथल-तिजारा, हनुमानगढ़ तथा ब्यावर जिलों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम मेघगर्जन, गरज-चमक के साथ 30-40 किमी/घंटा की तेज हवाएं, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है. दिनभर जहां कई इलाकों में उमस और गर्मी बनी रही, वहीं शाम ढलते ही कई हिस्सों में मौसम बदल गया. कुछ जगहों पर तेज हवा चली और बादलों की आवाजाही के बीच रुक-रुककर बारिश भी हुई. लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन बिजली गिरने की आशंका को लेकर सतर्कता भी

# कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, 30 जून के बीकानेर प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के डूडी हाउस में रविवार को नोखा शहर एवं देहात कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। देहात कांग्रेस जिला सचिव मुरली गोदारा ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 30 जून को बीकानेर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में आयोजित विशाल जनसभा एवं प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति तैयार करना था। यह प्रदर्शन पीबीएम अस्पताल, बीकानेर में व्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्थाओं तथा बॉर्डर क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को तोड़ने के आदेशों के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में होने वाला यह प्रदर्शन आमजन के स्वास्थ्य अधिकारों एवं जनभावनाओं की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने नोखा विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में बीकानेर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

निवर्तमान जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जनहित के मुद्दों को लेकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बीकानेर पहुँचकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। जनसभा के नोखा प्रभारी प्रेम प्रकाश सारण एवं गुमानाराम जाखड़ ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में बीकानेर पहुँचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामनिवास तरड़ ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इस प्रदर्शन में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाए। नोखा शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लीलड़ ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी से समर्पित भाव से कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में देहात कांग्रेस उपाध्यक्ष केदारमल कठातला, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के उपाध्यक्ष हीरालाल धोलपुरिया, पूर्व सरपंच संघ जिला अध्यक्ष दीपाराम चौधरी, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रामप्रताप डेलू, सुरपुरा सरपंच बनवारी कुमार, मंडल अध्यक्ष भीयाराम मेघवाल, भंवरलाल सारण, श्रवण भाम्भू, मुकाम सरपंच रामूराम मेघवाल, पूर्व सरपंच रविन्द्र बिश्नोई, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुंदरलाल नाई, पूर्व सरपंच केशुराम गोदारा नोखा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश जैन, गौरीशंकर नाई, काकड़ा की पूर्व सरपंच मंजू मेघवाल, नरसीराम पूनियां, पूर्व जिला परिषद सदस्य जगदीश पंवार, देसलसर सरपंच रामनिवास लॉयल, स्वरूपसर पूर्व सरपंच खियाराम सियाग कांग्रेस नेता रामचंद्र भाम्भू, एडवोकेट बिशनाराम लॉयल पूर्व सरपंच लिखमाराम सियाग बंधड़ा सरपंच श्रवण सियाग युवा कांग्रेस नेता सम्पत फौजी, विजय गोदारा, दिनेश सारण, राकेश खीचड़, राजकुमार भादू, भामटसर के पूर्व सरपंच रामनारायण सारण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तहसील कार्यालय के सामने बने गहरे गड्डे में गिरा बछड़ा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी तहसील कार्यालय के सामने एक गाय का बछड़ा खुले गड्ढे में गिर गया। बछड़े के गड्ढे में गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिसकर्मियों, स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास कर कड़ी मशक्कत के बाद बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय दुकानदार चंदगीराम सैनी ने बताया कि खेतड़ी तहसील कार्यालय के सामने बीएसएनएल की केबल बिछाने के लिए करीब पांच फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था। केबल डालने के बाद भी गड्ढे को नहीं भरा गया, जिसके कारण एक गाय का बछड़ा उसमें गिर गया। गड्ढा इतना गहरा था कि उसमें गिरा बछड़ा बाहर से दिखाई भी नहीं दे रहा था। घटना के समय तहसील कार्यालय के सामने पुलिस विभाग द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी बछड़े के गड्ढे में गिरने की जानकारी मिलने पर एएसआई कैलाशचंद की नजर उस पर पड़ी। इसके बाद एएसआई कैलाशचंद सहित पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। चंदगीराम सैनी, अनिल सेन, योगेश सैनी सहित अन्य स्थानीय दुकानदारों और पुलिस जवानों ने मिलकर बछड़े को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। गड्ढा गहरा होने के कारण बछड़े को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन सभी के सामूहिक प्रयास से उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बछड़े के बाहर आते ही मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में स्थानीय लोगों ने उसकी देखभाल भी की। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की कि केबल बिछाने के बाद खुले छोड़े गए गड्ढों को जल्द भरा जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। इस दौरान आरिफ मोहम्मद, सुरेश कुमावत, किशोरीलाल, भरत सैनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध मौत मामले में परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के रामगंज बाजार स्थित कोठी कोलियान निवासी जया महावर ने अपने पुत्र यश महावर की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो पूरा परिवार मुहाना थाने के बाहर धरना देगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जया महावर ने बताया कि उनके पुत्र का करीब एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह हुआ था। परिवार का आरोप है कि विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद रहने लगे थे, जिसके बाद यश कोटा में नौकरी करने चला गया था। 11 जून को जयपुर आने के बाद रात में सूचना मिली कि वह गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में एसएमएस अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल पहुंचने पर उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि मृतक की पत्नी और उसकी मां उसे अस्पताल में छोड़कर चली गई थीं। उनका कहना है कि मामले में ससुराल पक्ष की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर हत्या सहित सभी प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। परिवार ने सवाल उठाया कि यदि यह आत्महत्या है तो ससुराल पक्ष ने उसे बचाने का प्रयास क्यों नहीं किया, कोई सुसाइड नोट क्यों नहीं मिला और घटना के बाद कोई अस्पताल या शोक व्यक्त करने क्यों नहीं आया। परिजनों का कहना है कि घटना को 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस यह स्पष्ट नहीं कर सकी है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। उन्होंने राज्य सरकार और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कार्रवाई नहीं होने पर मुहाना थाने के बाहर धरना करने की चेतावनी दी है।

## ट्रैक्टर से टक्कर मारकर पिता की हत्या करने वाला आरोपी को किया गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा पुलिस ने देर शाम को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर अपने ही पिता की हत्या करने के मामले में बेटे को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया है। आरोपी बेटे ने जमीन के विवाद को लेकर ट्रैक्टर से टक्कर मारकर अपने ही पिता की हत्या कर दी थी। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि 26 जून को परिवादी राकेश निवासी बाढडा, हरियाणा ने रिपोर्ट दी कि दिनांक 25 जून की रात उसके साले शमशेर सिंह पुत्र महावीर निवासी ढोसी ने अपने पिता महावीर को गांव की सार्वजनिक धर्मशाला से घसीटते हुए बाहर सड़क पर लाकर मारपीट की तथा जान से मारने की नियत से अपने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर उसकी हत्या कर दी।

दोनों पिता-पुत्रों के बीच पिछले 2.3 वर्षों से घरेलू विवाद चल रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी कावेंद्र सिंह ने विशेष टीम का गठन कर वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया था। इस दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी शमशेर सिंह ने बताया कि जमीन का बंटवारा करने को लेकर पिछले तीन साल से उनके बीच विवाद चल रहा है, जिसको लेकर वह दो अलग-अलग रहते थे। मृतक महावीर प्रसाद अपने हिस्से की 30 बीघा जमीन को अपने बेटी व बेटे की बराबर हिस्सेदारी चाहता था जबकि आरोपी शमशेर सिंह पूरी जमीन अपने नाम करवाना चाहता था। आए दिन होने वाले विवाद को कई बार रिस्तेदारो ने उन्हें बैठाकर समझाइश भी की थी। इसके बाद आरोपी ने अपने पिता को सबक सिखाने के लिए वारदात को अंजाम दे दिया। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से महावीर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया, एएसआई पतराम, कांस्टेबल रोहिताश, कपिल, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

## वैदिक ज्ञान, संस्कार और संस्कृति का संगम : 21 दिवसीय संस्कार शाला शिविर का हुआ समापन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ वैदिक सनातन संस्कृति संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय वैदिक ज्ञान एवं संस्कार शाला शिविर का रविवार को वैदिक परंपराओं और धार्मिक गरिमा के साथ भव्य समापन हुआ। समापन समारोह अनंत विभूषित दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, दंडी स्वामी आनंदाश्रम महाराज एवं दंडी स्वामी विरेन्द्राश्रम महाराज के पावन सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर शिविरार्थियों द्वारा शिविर के दौरान अर्जित वैदिक एवं संस्कृत ज्ञान का परीक्षण भी कराया गया। मुख्य प्रशिक्षक आचार्य अनिल दाधीच ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेद एवं शास्त्रों की रक्षा और संरक्षण के लिए व्याकरण शास्त्र का गहन अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। वहीं दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज ने भारतीय संस्कृति एवं श्रेष्ठ संस्कारों के संरक्षण का संदेश दिया, जबकि दंडी स्वामी आनंदाश्रम महाराज ने भाषा विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में पाणिनीय अष्टाध्यायी के प्रशिक्षक अनिल दाधीच एवं मनोज तंवर सोभासर, संस्कृत संभाषण, स्वाध्याय, ज्योतिष एवं स्तोत्र पाठ के प्रशिक्षक मनीष गौड़ जयपुर, गीता स्वाध्याय के प्रशिक्षक धीरज शर्मा एवं नीरज शर्मा बीकानेर तथा संगीत शिक्षा प्रशिक्षक रणजीत कत्थक और तुलसीराम पांडे सहित सभी प्रशिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, कॉपी, पेन एवं आशीर्वाद स्वरूप उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। पीठाधीश्वर दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, कार्यकर्ताओं एवं शिविरार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लौटे ब्रह्मचारी राघवेन्द्र स्वरूप द्वारा कन्या पूजन कराया गया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में सत्यनारायण राजपुरोहित, पवन बोथरा, मूलचंद सोनी, श्याम पांडे, मदन छंगाणी, विजय कुमार प्रजापत, तुलसीराम पांडे, लालचंद भोजक, पंडित कन्हैयालाल, पंडित लालचंद जोशी, शीतल खड़ोलिया, ओम पांडे, रणजीत कत्थक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## भाजपाईयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ स्थानीय पोद्दार गेस्ट हाउस के हॉल में शहर के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 135 वें संस्करण को बड़े पर्दे पर देखा एवं सुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया के नेतृत्व में मन की बात के 135 वे संस्करण के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 140 करोड़ देश वासियों को संबोधित करते हुए रखी गई हर एक बात को ध्यान से सुनते हुए मनन किया। इस मौके पर कुसुमदेसर के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि भाजपा युवा नेता पवन सिंह राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो हर माह देश की जनता को मन की बात के माध्यम से संदेश देते है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व ओबीसी अध्यक्ष मोहनलाल बबेरवाल, बजरंगलाल सैनी, प्रकाशचंद्र पारीक, शंकरलाल कम्मा, परमेश्वरलाल प्रजापत, हनुमान प्रसाद बारवाल, मनीराम पंवार, पूर्णमल गोदारा, राजकुमार सारस्वत, ईश्वर बबेरवाल, दलू सिंह, सीताराम गुर्जर, बंशीधर स्वामी, रामगोपाल पारीक, झाबरमल महर्षि, गोपाल प्रसाद हारित, दीनदयाल आत्रेय, देवीदत्त महर्षि, संतोष महर्षि, सीताराम महर्षि, गिरधारीलाल माली, श्रीकृष्ण चौमाल, प्रहलाद सैनी, विष्णु स्वामी, भंवर अली बिसायति, पुष्कर स्वामी, राकेश सोनी, संजय धरड़, दौलत खटीक, श्रीराम खटीक, मोहनलाल आत्रेय, लीलाधर पारीक, संतोष पारीक, शंकरलाल सारस्वत, नेमीचंद हारित, महेश भार्गव, कमल पुजारी, कुंदनमल स्वामी, देवकी सारस्वत, राधेश्याम महर्षि, रामोतार पारीक, राजकुमार महर्षि, रामलाल पुरोहित, माधव गौतम, ओमप्रकाश, पवन मिस्त्री सहित सैकड़ों कार्यकता उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ में संरक्षक जगदीश प्रसाद जांगिड़ का जन्मदिवस भव्य रूप से मनाया



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार नवलगढ़ द्वारा संचालित गायत्री शक्तिपीठ नवलगढ़ में रविवार को गायत्री परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षके जगदीश प्रसाद जांगिड़ का जन्मदिवस श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्य दीप यज्ञ से हुआ, जिसमें उपस्थित परिजनों ने राष्ट्र, समाज एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ आहुतियाँ समर्पित कीं। यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार नवलगढ़ के ब्लॉक संयोजक एवं प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दायमा शगायत्रीश् ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों को अपनाकर सेवा, साधना और संस्कारमय जीवन जीने का आह्वान किया तथा सभी के सद्बुद्धि, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रार्थना कराई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दया शंकर जांगिड़ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्टी भंवर लाल जांगिड़ एवं समाजसेवी कैलाश चोटियां उपस्थित रहे। इस अवसर पर गायत्री परिवार नवलगढ़ की ओर से जगदीश प्रसाद जांगिड़ का माला, गजरा, शॉल एवं साफा पहनाकर भावभीना सम्मान किया गया। वहीं वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। जन्मदिवस के अवसर पर जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने गायत्री परिवार नवलगढ़ द्वारा संचालित नि:शुल्क प्रज्ञा लाइब्रेरी के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 10 कुर्सियाँ भेंट कीं। उनके इस सहयोग के लिए उपस्थित सभी लोगों ने उनका अभिनंदन करते हुए इसे शिक्षा सेवा की प्रेरणादायी पहल बताया।

कार्यक्रम में मुरली मनोहर चोबदार, अनिल जांगिड़, डॉ. अनिल शर्मा, वासुदेव टेलर, हरिराम सैनी, विकेश महरिया, रामपाल मेवानी, विजय चेजारा, मक्खन लाल सैनी, संतोष जांगिड़, नि:शुल्क प्रज्ञा लाइब्रेरी की केयरटेकर रंजना शर्मा सहित गायत्री परिवार के अनेक परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कैफे में चल रहा था अवैध हुक्का बार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट के निर्देश पर अवैध हुक्का बार और नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे तीन दिवसीय विशेष अभियान के तहत श्यामनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वेलेंसिया कैफे में संचालित अवैध हुक्का बार पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान चार हुक्के जब्त किए गए तथा कैफे के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित शर्मा एवं सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला सतेंद्र सिंह नेगी के निर्देशन में थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना टीम ने वेलेंसिया कैफे एवं हुक्का बार पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान कैफे में चार हुक्के संचालित अवस्था में मिले, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं, हुक्का पी रहे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना वसूलते हुए चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके से कैफे के मैनेजर अरुण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम अनुसंधान एवं विधिक कार्रवाई जारी है।

## सड़क क्षतिग्रस्त को लेकर वाहन चालकों का फूटा आक्रोश



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ मेगा हाईवे सरदारशहर रोड़ पर क्षतिग्रस्त सड़क के कारण लगातार वाहनों में हो रहे नुकसान को लेकर वाहन चालकों ने गत सायं मेघा हाइवे जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक मेघा हाइवे जाम रहने के कारण करीब 1 किलोमीटर तक वाहनों की लगी लंबी कतार लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी। रामवीर राईका ने बताया कि मेघा हाइवे क्षतिगस्त होने के कारण पिछले तीन दिन से करीब एक दर्जन गाड़ियों के टायर फट गए, जिससे वाहन चालकों का काफी नुकसान हुआ है। टोल अधिकारियों को सड़क मरम्मत के लिए कई बार अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं होने पर वाहन चालकों का आक्रोश फुट फुट पड़ा और गत सायं जाम लगा दिया गया। वाहन चालकों का कहना है कि इस मेघा हाइवे पर टोल वसूला जा रहा है पर सड़को की मरम्मत नहीं हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे बाद वाहन चालकों व टोल अधिकारियों से बातचीत करके जाम को खुलवावा गया।

## नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित, 120 मरीज लाभान्वित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से यू आर रोटरी भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के डॉक्टर माधव सिंह ने बताया कि शिविर में 120 मरीज को परामर्श दिया गया। इस अवसर पर तनसुख कुमावत एशांतिलाल, तपेंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा एराजकुमार बिजारणियां, गोकुल शर्मा, नीरज चौधरी, दीपक जाटावत, आरती सैनी अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भर्तिया अस्पताल में टला बड़ा हादसा, आपातकालीन वार्ड के पीछे लगी आग समय रहते पाया काबू

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित भर्तिया अस्पताल में शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल के आपातकालीन इमरजेंसी वार्ड के पीछे परिसर में खुले में पड़ी सूखी लकड़ियों और कचरे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लियाए जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की सूचना मिलते ही नगर परिषद की दमकल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने अस्पताल के स्थानीय स्टाफ के सहयोग से तत्काल आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा आग अस्पताल के आपातकालीन वार्ड या अन्य हिस्सों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अस्पताल परिसर में खुले में पड़ी सूखी लकड़ियों और कचरे में आग लगने से यह घटना हुई। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190